हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान
अधिकतम 28.4 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

गुंडे और बदमाशों में मचा हड़कंप



## रातभर चली कॉबिंग गश्त में 64 वारंटी गिरफ्तार, बदमाशों की हुई सख्त चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में अपराध पर नियंत्रण के लिए दुर्ग पुलिस ने बड़ी संख्या में बल के साथ रात्रिकालीन काम्बिंग गश्त की। यह कार्रवाई 7 जनवरी की रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक शहरी क्षेत्र के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में की गई।

यह काम्बिंग गश्त राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी और थाना व चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में की गई। काम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 24 स्थायी वारंट और 40 गिरफ्तारी वारंट की तामीली करते हुए कुल 64 वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। स्थायी वारंटों में दुर्ग और सुपेला से 5-5, जामुल से 4, मोहन नगर और भिलाई नगर से 3-3, जबकि भिलाई भट्टी, नेवई, वैशाली नगर और कुम्हारी से एक-एक वारंट की तामीली की गई। इसी तरह गिरफ्तारी वारंटों में सुपेला से 6, पद्मनाभपुर और नेवई से 4-4, दुर्ग, पुलगांव, भिलाई नगर, स्मृतिनगर, खुर्सीपार और कुम्हारी से 3-3, मोहन नगर, भिलाई भट्टी, वैशाली नगर और पुरानी भिलाई से 2-2 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। गश्त के दौरान 102 गुण्डा बदमाशों और 39 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की गई। पुलिस ने उन्हें आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त हिदायत दी। इसके अलावा रात में अनावश्यक घूम रहे 60 संदिग्धों से पूछताछ कर उनकी पहचान दर्ज की गई और समझाइश दी गई।

### खबर संक्षेप

### पोस्ट ऑफिस के पार्किंग से बाइक चोरी

**दुर्ग।** हेड पोस्ट ऑफिस दुर्ग के पार्किंग से डाकिया की बाइक चोरी हो गई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र दुर्ग का है। जानकारी के अनुसार पोस्ट मैन देवेन्द्र साहू उम्र 35 साल ने पुलिस को बताया कि 7 जनवरी को वे अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एलडब्लू 7103 को सुबह करीब 9 बजे हेड पोस्ट आफिस दुर्ग के वाहन पार्किंग में लॉक कर पोस्ट ऑफिस के अंदर काम पर चले गए थे। करीब एक घंटे बाद वापस आने पर बाइक पार्किंग में नहीं था। किसी अज्ञात ने बाइक को चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के सामने से स्कूटी पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** अज्ञात चोर ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी को पार कर दिया है। प्रार्थी की शितायकत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। मामला उतई थाना क्षेत्र का है।
जानकारी के अनुसार ग्राम गाडाडीह निवासी ट्रांसपोर्ट व्यापारी चित्रांशु साहू उम्र 24 वर्ष ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनके पिता दुलेन्द्र साहू ने दोपहर करीब 2 बजे घर के सामने स्कूटी क्रमांक सीजी 07 सीटी 1865 को खड़ी कर घर अंदर गए थे। इस दौरान स्कूटी में चाबी लगी हुई थी। 15 मिनट बाद घर से बाहर निकलकर देखा तो स्कूटी गायब थी। घर में लगे कैमरे का सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात व्यक्ति उक्त स्कूटी को चोरी कर ले जाते दिखा। पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जिला कोर्ट में भेजा गया मेल

# लिट्टे के नाम से दुर्ग कोर्ट को बम से उड़ाने का मिला ई-मेल, पुलिस ने की सघन जांच


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में स्थित जिला न्यायालयों को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। सबसे पहले रायपुर, बिलासपुर और राजनांदगांव जिला कोर्ट में मेल से बम लगाकर उड़ाने की अफवाह उड़ाई गई। उसके बाद लिट्टे ग्रुप के अरुण कुमार नाम के व्यक्ति द्वारा दुर्ग जिला न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मेल की गई। जैसे ही यह सूचना दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल को हुई उन्होंने कई टीमें तैयार कर कॉम्बिंग गश्त करने के निर्देश दिए। इसके बाद कई पुलिस अधिकारियों ने अपनी अपनी टीम के साथ दुर्ग जिला न्यायालय और रेलवे स्टेशन दुर्ग में सघन जांच की।

एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल ने बताया कि उनके पास दुर्ग जिला न्यायालय से सूचना आई थी कि किसी ने बम से उड़ाने की धमकी भरा पत्र मेल किया है। इसके बाद उन्होंने दुर्ग जिला न्यायालय और रेलवे स्टेशन में सघन जांच करवाई है। जांच में कुछ भी संदिग्ध चीजें सामने नहीं आई हैं। सूत्रों के मुताबिक यह धमकी जिला न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर लिट्टे ग्रुप के अरुण कुमार नाम से भेजी गई थी। इसके बाद न्यायिक अधिकारियों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को

इसकी सूचना दी। सुरक्षा की दृष्टि से तुरंत पूरे कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और एक एक चप्पे की जांच की गई।

ऐसा बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह चेकिंग के दौरान पुलिस ने पूरे कोर्ट परिसर को छावनी में बदल दिया। इस दौरान वकीलों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के प्रवेश को पूरी तरह से प्रतिबंधित रखा गया।


जज/स्टाफ़,

तमिलनाडु के कांस्टेबलों को निवेथा पेथुराज और अन्य DMK की रखेलों के कपड़े और गंदे बर्तन साफ़ करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई लोगों को इस वजह से अपमान और दस्त की समस्या हुई है। इसलिए, पूर्व LTTE सदस्यों ने आज़ाद कश्मीर पाक ISI सदस्यों के साथ मिलकर इस प्रथा के खिलाफ़ आवाज़ उठाने और तमिलनाडु में कांस्टेबलों के लिए 1979 के नैनार दास पुलिस यूनियन की सिफ़ारिशों को लागू करवाने के लिए आज आपकी कोर्ट को निशाना बनाया है। हमारी मांगों को सुनाने का हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है, माफ़ करें।

ब्लास्ट इस तरह होंगे: C-4 RDX का इस्तेमाल करके बनाए गए 3 RDX IED पहले ही कोर्ट बिल्डिंग में अहम जगहों पर रख दिए गए हैं। 1 या 2 सदस्य लंच के समय कोर्ट ब्रांच के करीब आएंगे और जब रिमोट कंट्रोल ट्रिगर ले जा रहे LTTE सदस्य परिसर के 100 फीट के दायरे में आएंगे तो IED अपने आप फट जाएंगे। अगर किसी वजह से वे एक्टिवेट नहीं होते हैं, तो सदस्य खुद बिल्डिंग के अंदर आएंगे और श्रीलंका के ईस्टर ऑपरेशन की तरह सभी स्टाफ़ और ग्राहकों के साथ खुद को उड़ा लेंगे।

अगर आकाश भास्करन पकड़ा जाता है, तो निवेथा पेथुराज भी पकड़ी जाएगी। इसलिए, कृपया उससे पहले परिसर खाली कर दें।

अरुण कुमार
LTTE



### मेल के जरिए भेजी गई थी धमकी

अधिवक्ता रवि शंकर सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक अज्ञात व्यक्ति ने बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल भेजा था। जैसे ही यह मेल सामने आया, न्यायालय प्रशासन सतर्क हो गया और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस के कई अधिकारी दल बल, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे परिसर को खाली कराया गया और वहां की सघन जांच की गई। पुलिस अधिकारियों ने न्यायालय भवन, रिकॉर्ड रूम, पार्किंग क्षेत्र, वकीलों के चैंबर और आसपास के इलाकों में गहन तलाशी ली। अधिवक्ता सिंह ने कहा कि भले ही ये एक कोरी धमकी हो और पुलिस ने सघन जांच की, लेकिन सही मायने में पुलिस को समय समय पर कोर्ट परिसर की इस तरह जांच करते रहना चाहिए।

### डीएसपी क्राइम ने बताया रूटीन चेकिंग

वहीं इस पूरे मामले को क्राइम डीएसपी एलेक्सजेंडर किरो ने एक रूटीन चेकिंग का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि दुर्ग एसएसपी के निर्देश पर न्यायालय परिसर में प्रतिमाह रूटीन चेकिंग की जाती है। आज की जांच भी उसी प्रक्रिया का हिस्सा है। पुलिस इस तरह की जांच सुरक्षा की दृष्टि से समय समय पर करती रहती है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह सामान्य है और किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस अलर्ट मोड पर है। सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा रहे हैं।

### लिट्टे के नाम से भेजा गया था मेल

जो मेल भेजा या था वो अरुण कुमार लिट्टे के नाम से भेजा गया था। लेटर न्यायालय के जज और स्टाफ़ के लिए भेजा गया था। उसमें साफ लिखा गया कि तमिलनाडु के कांस्टेबलों को निवेथा पेथुराज और अन्य **DMK** की रखेलों के कपड़े और गंदे बर्तन साफ़ करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। कई लोगों को इस वजह से अपमान और दस्त की समस्या हुई है। इसलिए, पूर्व **LTTE** सदस्यों ने आज़ाद कश्मीर पाक **ISI** सदस्यों के साथ मिलकर इस प्रथा के खिलाफ़ आवाज़ उठाने और तमिलनाडु में कांस्टेबलों के लिए 1979 के नैनार दास पुलिस यूनियन की सिफ़ारिशों को लागू करवाने के लिए आज आपकी कोर्ट को निशाना बनाया है। हमारी मांगों को सुनाने का हमारे पास कोई और रास्ता नहीं है, माफ़ करें।



### ब्लास्ट इस तरह होंगे

**C**-4 **RDX** का इस्तेमाल करके बनाए गए 3 **RDX IED** पहले ही कोर्ट बिल्डिंग में अहम जगहों पर रख दिए गए हैं। 1 या 2 सदस्य लंच के समय कोर्ट ब्रांच के करीब आएंगे और जब रिमोट कंट्रोल ट्रिगर ले जा रहे **LTTE** सदस्य परिसर के 100 फीट के दायरे में आएंगे तो **IED** अपने आप फट जाएंगे। अगर किसी वजह से वे एक्टिवेट नहीं होते हैं, तो सदस्य खुद बिल्डिंग के अंदर आएंगे और श्रीलंका के ईस्टर ऑपरेशन की तरह सभी स्टाफ़ और ग्राहकों के साथ खुद को उड़ा लेंगे। अगर आकाश भास्करन पकड़ा जाता है, तो निवेथा पेथुराज भी पकड़ी जाएगी। इसलिए, कृपया उससे पहले परिसर खाली कर दें!




## मकान के अंदर रखे पैरावट में लगी आग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम दारगांव के एक मकान के अंदर रखे पैरावट में अल सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची और आग को फैलने से रोका। मामला धमधा थाना क्षेत्र का है।

जिला सेनानी और जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 3 बजे धमधा थाना क्षेत्र के ग्राम दारगांव के एक घर में रखे पैरावट में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन के एक दमकल टीम को मौके पर तत्काल रवाना किया गया। अग्निशमन कर्मियों ने कई गाड़ी पानी का बौछार कर आग को नियंत्रण करते हुए आसपास घरों तक बढ़ने से रोका गया ।

■ कई गाड़ी पानी की बौछार कर फायर फाइटरों ने किया काबू

## सशक्त एप की मदद से पकड़ा गया बाइक चोर

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने सशक्त एप की मदद से एक बाइक चोर को पकड़ा है। आरोपी नूतन चौक भिलाई तीन निवासी 35 वर्षीय गजेन्द्र पटेल ने मड़ई घूमने की शौक पूरी करने बाइक चोरी की थी।



धारा 303 (2) बीएनएस के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को रिमांड पर जेल भेजा गया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वे अपनी बाइक सीजी 07 बीवाय 9227 ग्लैमर अपने मकान के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था। दोपहर करीबन 3.30 बजे वापस आकर देखा तो बाइक नहीं था। पुलिस द्वारा अपराध दर्ज करते हुए मोटर साइकिल का पता तलाश किया जा रहा था। गुरुवार को सशक्त अप के माध्यम से सूचना मिला की गजेन्द्र पटेल निवासी भिलाई-3 को उक्त चोरी की मोटर साइकिल से गांव में मड़ई मेला में घुमते देखा गया है। आरोपी को पकड़कर पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने बाइक को भिलाई-3 रेलवे स्टेशन के पार्किंग से बरामद किया।




## निगम आयुक्त पांडेय ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

# खुर्सीपार में बनेगी सड़क, एसएलआरएम जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 अंतर्गत एस.एल.आर.एम. सेंटर, सार्वजनिक शौचालय, नवीन डामरीकरण रोड, इंडोर स्टेडियम, क्रिकेट स्टेडियम सहित सिवरेज लाईन का सघन निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया है। नागरिको को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं का बारिकी से जायजा लिये और चल रहे कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण कराने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किये है। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा खुर्सीपार मिनी स्टेडियम के पीछे बने एस.एल.आर.एम. सेंटर एवं सार्वजनिक शौचालय का अवलोकन किया गया। एस.एल.आर.एम. सेंटर को जल्द प्रांरभ कराने एवं शौचालय का साफ-सफाई कराने निर्देशित किये है। समीपस्थ कालोनी वासियों द्वारा सुगम यातायात हेतु सड़क बनाने मांग किया गया था। नागरिको के मांग पर नवीन डामरीकरण रोड का निर्माण किया गया है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। खुर्सीपार में पूर्व से इंडोर स्टेडियम निर्मित है, जिसका संधारण एवं साफ-सफाई कार्य कराया जा रहा है, जिसका अवलोकन आयुक्त द्वारा किया गया। इनडोर स्टेडियम के बेहतर संचालन एवं रखरखाव हेतु रुचि की अभिव्यक्ति के तहत एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश जोन के अधिकारियों को दिया गया है।



### क्रिकेट स्टेडियम होगा व्यवस्थित

आयुक्त पांडेय एवं पार्षद विनोद सिंह द्वारा श्रीराम चौक के समीप बने क्रिकेट स्टेडियम का अवलोकन किया गया। स्टेडियम में खेल की प्रेक्टिस कर रहे खिलाड़ियो से मिलकर समस्या पर चर्चा किए और जल्द ही स्टेडियम को व्यवस्थित कराने निर्देशित किये हैं। खुर्सीपार क्षेत्र में नागरिको की सुविधा को देखते हुए सिवरेज लाईन का संधारण कार्य कराया जा रहा है। जिसका आयुक्त ने अवलोकन करते हुए संधारण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने निर्देशित किये हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, राजस्व निरीक्षक विजेंद्र परिहार, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं सुपरवाइजर सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अब तक 3.59 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी, 1.20 लाख मीट्रिक टन का हो चुका उठाव**

# नए बारदानों में 40 किलो की भर्ती नहीं, किसान हो रहे परेशान टोकन के लिए माहभर का इंतजार, शिकायत की नहीं सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में धान खरीदी जोरों पर है। 31 जनवरी तक खरीदी होनी है। इस बीच नए बारदानों की सप्लाई ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी है।

खबर है कि जो नए बारदाने सप्लाई किए गए हैं, उसमें 40 किलो धान की भर्ती नहीं आ रही है। औसतन एक से दो किलो कम धान की भर्ती आ रही है। इसके अलावा लगातार कम तौल की भी शिकायतें किसानों द्वारा की जा रही है। बावजूद इन समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। टोकन के लिए महीनों का इंतजार करना पड़ रहा है। मोबाइल एप तुंहर टोकन के माध्यम से किसानों को धान बेचने के लिए टोकन जारी किए जा रहे हैं। किसानों को धान बेचने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। जिले में अब तक 85,3286.02 लाख रुपए से 3.59 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। समय पर भुगतान राशि मिलने पर 66264 किसान लाभान्वित हुए हैं। उठाव के लिए 1-78 लाख मीट्रिक टन धान का डीओ जारी हो चुका है। 1.20 लाख टन धान का उठाव किया जा चुका है।

## धान बेचने के बाद 36786 किसानों ने किया 862.88 हेक्टेयर रकबा का समर्पण

### 862 हेक्टेयर से ज्यादा का रकबा किया सरेंडर, 31 जनवरी तक धान खरीदी

जिले में अब तक धान बेच चुके 36786 कृषकों ने 862.88 हेक्टेयर रकबा समर्पण कर चुके हैं। उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने के लिए पहुंचने वाले किसानों हेतु जिला प्रशासन द्वारा समुचित प्रबंध किया गया है। वर्तमान में उपार्जन केन्द्रों में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। इसके तहत केन्द्रों में 28,77,554 बारदाने उपलब्ध है। हालांकि नए बारदानों को लेकर परेशानी सामने आ रही है। बारदान 40 किलो क्षमता से कम के हैं। औसतन एक से दो किलो तक कम भर्ती आ रही है। इसे लेकर लगातार किसानों द्वारा समिति प्रबंधकों से शिकायत भी की जा रही है, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं हो रही है।



### वोरा ने कहा- 7 करोड़ का धान चूहे खा गए, नहीं मिल रहा रिकॉर्ड, होनी चाहिए जांच

पूर्व विधायक अरुण वोरा ने पिछले साल के धान को चूहे खा जाने के मामले को लेकर सवाल उठाए हैं। कबीरधाम जिले में वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीदे गए धान में से 26 हजार क्विंटल धान रहस्यमय तरीके से गायब पाया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 करोड़ रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में किसानों से खरीदे गए कुल 7 लाख 99 हजार क्विंटल धान को जिले के दो संग्रहण केंद्रों बाजार चारभाठा और बघर्रा में रखा गया था। जब धान का उठाव पूरा होने के बाद संग्रहण केंद्रों में मिलान किया गया, तो दोनों केंद्रों से कुल 26 हजार क्विंटल धान की कमी सामने आई। बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र में 22 हजार क्विंटल धान की कमी पाई गई है। इस केंद्र के प्रभारी के खिलाफ उच्च स्तरीय शिकायत दर्ज कराई गई है, जिसमें करीब 5 करोड़ रुपये की हेराफेरी के आरोप लगाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### 23.50 लाख में बनेंगे सामुदायिक भवन मुक्तिधाम में लगेंगे शेड

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए पाटन विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 23.50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा की अनुशंसा पर इन कार्यों के संपादन के लिए पाटन जनपद को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। छाटा के निषाद पारा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु 6.50 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत डिडाभाठा (रानीतराई) के निषाद पारा में सामुदायिक भवन के पास किचन शेड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए, ग्राम बीजाभाठा के मुक्तिधाम में शेड निर्माण कार्य के लिए और ग्राम महकाखुर्द के पंचायत भवन में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य हेतु 5-5 लाख रुपए तथा ग्राम पंदर में लीला चौरा के पास बाउंड्रीवाल निर्माण हेतु 2.00 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नानकोत्तर महाविद्यालय मे छात्राओं के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने स्थानीय प्रशासन द्वारा महाविद्यालय के स्वीप समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान केवल संवैधानिक अधिकार ही नही अपितु प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। देश के प्रत्येक मतदाता को मतदान करना ही चाहिए, जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक का मंचन किया। जिसके माध्यम से छात्राओं ने समस्त महाविद्यालयीन छात्राओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र के मजबूत गठन के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाना एवं मतदान कितना महत्वपूर्ण है। इस आयोजन में लगभग 65 छात्राओं ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन (प्रारूप-6) जमा किया । इस अवसर पर वार्ड क्रंमाक-225 भाग क्रंमाक-225 के बीएलओ महावीर ध्रुव, डॉ. अमिता सहगल, स्वीप प्रभारी डॉ. विजय कुमार वासनिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुषमा यादव एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वीप समिति के संयोजक डॉ. विजय कुमार वासनिक ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

### वार्डों में लगा स्वास्थ्य शिविर, मिला लाभ

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। ये शिविर वार्ड 25 ईएमए चौक ओम परिसर, वार्ड 3 मठपारा सारथी नगर, वार्ड 16 सिकोला बस्ती तथा भवानी चौक में आयोजित हुए। शिविरों में हितग्राहियों के लिए आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। जिनमें एचबीए 1 सीए, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, ब्लड ग्रुप, होमोसिस्टीन, थायराइड, लिवर, किडनी फंक्शन, यूरिक एसिड, विटामिन बी 12 और क्रिएटिनिन जैसी जाँचें शामिल रहीं।

### गटर ढंकने के काम में आ रही बच्चों के खेलने के लिए लगाई गई फिसलपट्टी

# खुर्सीपार में बदहाली उजागर, जर्जर मंच और गार्डन अव्यवस्थित, नलों से बह रहा व्यर्थ पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

वार्ड 50 शास्त्री नगर खुर्सीपार में वार्ड परिक्रमा के दौरान बुनियादी सुविधाओं की गंभीर खामियां सामने आईं। क्षेत्र में सार्वजनिक मंच जर्जर हालत में है, गार्डन में अव्यवस्था है और सफाई व्यवस्था बेहद कमजोर पाई गई। वहीं पार्षद डी सुजाता ने बताया कि उनके वार्ड में कोई समस्याएं नहीं है।

नगर निगम के जोन-4 अंतर्गत खुर्सीपार वार्ड 50 में ईएसआई अस्पताल के सामने स्थित गार्डन में संधारण और नियमित सफाई की सख्त जरूरत है।

बच्चों के खेलने के लिए लगाई गई फिसलपट्टी गटर को ढकने का काम कर रही है, जो कभी भी हादसे का कारण बन सकती है। झूले के आसपास भी गंदगी फैली हुई है। वहीं गणेश मैदान स्थित सार्वजनिक मंच पूरी तरह जर्जर हो चुका है। मंच का छज्जा टूटकर गिरने की स्थिति में है, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा वार्ड में लगाए गए अधिकांश सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं लगी है। इसके कारण रोजाना कई गैलन पानी सड़कों पर व्यर्थ बह रहा है, जिससे न केवल पानी की बर्बादी हो रही है बल्कि आसपास कीचड़ और गंदगी भी फैल रही है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम से जल्द मरम्मत, सफाई और नलों में टोटी लगाने की मांग की है, ताकि पानी की बर्बादी को रोका जा सके।









**वार्डवासियों का यह कहना**

### जर्जर गणेश मंच बना खतरा आयोजन से डर रहे लोग



वार्ड निवासी दिनेश पांडेय ने बताया कि गणेश मैदान का सार्वजनिक मंच लंबे समय से जर्जर हालत में है। मंच का छज्जा टूटकर गिरने की स्थिति में पहुंच चुका है, जिससे स्थानीय लोगों में डर बना हुआ है। ऐसे हालात में लोग किसी भी तरह का सामाजिक या धार्मिक आयोजन करने से डरते हैं। उन्होंने आशंका जताई कि कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार ध्यान दिलाया गया, लेकिन जनप्रतिनिधियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। मंच की मरम्मत नहीं होने से लोगों में नाराजगी भी बढ़ रही है। वार्डवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि गणेश मंच की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

### सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा पानी, हो रही परेशानी



वार्ड 50 शास्त्री नगर खुर्सीपार में सार्वजनिक नलों में टोटी नहीं होने से रोजाना बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। स्थानीय निवासी कमल साहू ने बताया कि रोज कई गैलन पानी सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। इससे न केवल जल की बर्बादी हो रही है, बल्कि आसपास गंदगी और फिसलन की स्थिति भी बन रही है। कमल साहू ने जनप्रतिनिधियों और नगर निगम से सार्वजनिक नलों में तत्काल टोटी लगाने की मांग की है, ताकि पानी की बर्बादी रोकी जा सके।

## गणतंत्र दिवस समारोह होगा रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में, अफसरों को दी गई जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह खास रहेगा। 26 जनवरी को पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में समारोह का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बैठक में तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। संपूर्ण कार्यक्रम के प्रभारी एडीएम अभिषेक अग्रवाल होंगे। इस दौरान आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसका प्रबंधन सीईओ बजरंग कुमार दुबे करेंगे। शासन के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जाएगा। राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों एवं सार्वजनिक भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा। सुरक्षा और अनुशासन के प्रतीक के रूप में परेड और गार्ड ऑफ ऑनर का आयोजन किया जाएगा, जिसके समन्वय की जिम्मेदारी एएसपी दुर्ग, कमाण्डेंट होमगार्ड और कमाण्डेंट सीआईएसएफ भिलाई को दी गई है।

- **समारोह में विभागीय झांकी और परेड का होगा भव्य प्रदर्शन, 24 को**

### रिहर्सल तक सारी तैयारी पूरी करने के निर्देश

कलेक्टर ने 24 जनवरी रिहर्सल दिनांक तक सारी तैयारी पूरी करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासनिक स्तर पर समारोह स्थल और प्रवेश द्वारों पर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की नियुक्ति एडीएम दुर्ग करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस अधिकारियों की तैनाती पुलिस अधीक्षक द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के बाद रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े जाएंगे, जिसकी व्यवस्था जिला उद्योग केंद्र करेगा। मुख्यमंत्री के संदेश वाचन हेतु पुस्तिका और मीडिया में व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी जनसंपर्क विभाग को दी गई है। तीन उद्घोषक नियुक्त किए गए हैं। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे, जिसकी व्यवस्था सहायक आयुक्त आदिवासी विकास करेंगे। वितरण का प्रभार डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को सौंपा गया है। झांकी और परेड के विजेताओं के लिए शील्ड की व्यवस्था आदिवासी विकास विभाग और शिक्षा विभाग द्वारा की जाएगी।

### एसआईआर प्रक्रिया में दावा आपत्ति, सुनवाई और सत्यापन की समय सीमा 6 माह बढ़ाने की मांग

**दुर्ग।** आम आदमी पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। आप ने कहा कि करीब 6 महीने का समय बढ़ाया जाए। आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहा एसआईआर एक प्रशासनिक विफलता, लोकतंत्र से खिलवाड़ है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि आम आदमी पार्टी मतदाता सूची में अनियमितता पर गहरी चिंता और कड़ा विरोध दर्ज करती है। प्रदेश के साथ-साथ दुर्ग जिले मे भी लोग परेशान हैं। दस्तावेज के लिए अपना रोजगार एवं व्यक्तिगत कार्य छोड़ लगातार अलग अलग कार्यालय के चक्कर लगाते रहे लेकिन फॉर्म जमा करने के लिए भी प्रयाप्त समय नहीं दिया गया। मतदाता सूची की शुद्धता के नाम पर चल रही यह प्रक्रिया ज़मीनी स्तर पर भारी गड़बड़ियों, अव्यवस्था और गंभीर लोकतांत्रिक उल्लंघनों से ग्रस्त है। हजारों पात्र, जीवित और स्थायी नागरिकों के नाम बिना कारण, बिना सूचना और बिना सुनवाई के मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जो सीधे-सीधे नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार पर हमला है। छत्तीसगढ़ में राज्य के 27 लाख 34 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जाने पर आम आदमी पार्टी कड़ा ऐतराज जताती है। अलग-अलग जिलों से अब तक 2 लाख 74 हजार से ज्यादा प्रदेशवासियों ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए फॉर्म भरा है। राज्य में 7 नवंबर से शुरू हुई यह प्रक्रिया मात्र 45 दिन तक चली, जबकि इसे कम से कम 6 महीने करना था।

## बोरसी अंडरब्रिज की ढेरों खामियां काम के दौरान सुरक्षा की भी अनदेखी

- **शहर जिला कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधि मंडल मिला कलेक्टर से, वस्तु स्थिति से कराया अवगत**



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बोरसी स्थित रेलवे लाइन पर निर्मित अंडर ब्रिज की वर्तमान स्थिति को गंभीर और जन-जीवन के लिए खतरनाक बनता जा रहा है। अंडर ब्रिज के निर्माण के दौरान ढेरों खामियां सामने आई है। पिछले दिनों एंगल की वजह से एक राहगीर भी घायल हुआ। इसके अलावा कई तकनीकी खामियां हैं।

इसे देखते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष और पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। बाकलीवाल ने कहा कि अंडर ब्रिज का निर्माण अव्यवस्थित ढंग से किया गया है, जिसमें 90 डिग्री का अंधा मोड़ है। बाहर निकली लोहे की सरिया, अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी की कमी तथा सुरक्षा संकेतकों का अभाव लगातार दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है। उन्होंने मांग की कि सरिया, लोहे के एंगल तत्काल हटाए जाएं। संरचना की मरम्मत की जाए तथा यातायात सुरक्षा ऑडिट कर आवश्यक सुधार किए जाएं। इस दौरान विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान सामने आ रही नो-मैपिंग की समस्या को गंभीर बताते हुए इसे सरलीकृत करने की मांग की गई। धीरज बाकलीवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से किसी भी वास्तविक मतदाता का नाम किसी भी स्थिति में न काटा जाए।

### शौचालयों को ऑपरेट करने का काम सिर्फ दो समूहों को

बाकलीवाल ने कहा कि दुर्ग निगम में स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत बने 42 शौचालयों का संचालन केवल दो समूहों को दे दिया गया है, जो नियमों के खिलाफ है और इसमें पारदर्शिता नहीं बरती गई है। इस प्रकार की कार्यप्रणाली से न केवल योजनाओं की मंशा प्रभावित होती है, बल्कि नगर निगम में पक्षपात एवं भ्रष्टाचार की आशंका भी उत्पन्न होती है। उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, पूर्व सभापति राजेश यादव, पार्षद दीपक साहू, भोला महोबिया, ज्ञानदास बंजारे, सुशील भारद्वाज, गौरव उमरे, आयुष शर्मा, चिराग शर्मा, बिजेंद्र भारद्वाज एवं विनोद सेन सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जिले में दलहन-तिलहन फसल के उपार्जन की हुई शुरुआत

**दुर्ग।** जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम-आशा योजना) के तहत दलहन-तिलहन फसलों की खरीदी प्रारंभ हो गई है, जिसके लिए जिले में 7 उपार्जन केन्द्र अधिसूचित हैं। सेवा सहकारी समिति चंदखुरी, सेवा सहकारी समिति पाटन, सेवा सहकारी समिति धमधा, सेवा सहकारी समिति अहिवारा, सेवा सहकारी समिति लिटिया, सेवा सहकारी समिति कन्हारपुरी व सेवा सहकारी समिति घोठा अधिसूचित हैं। उप संचालक कृषि संदीप भोई ने बताया कि शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार खरीफ दलहन-तिलहन फसल सोयाबीन, मूंगफली, उड़द, मूंग की खरीदी का कार्य 24 अप्रैल तक न्यूनतम समर्थन मूल्य में किया जाएगा। सोयाबीन फसल हेतु न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली हेतु 7263 रुपए प्रति क्विंटल, उड़द हेतु 7800 रुपए प्रति क्विंटल एवं मूंग फसल हेतु 8768 रुपए प्रति क्विंटल दर निर्धारित है। इसी प्रकार प्रति कृषक सोयाबीन फसल खरीदी हेतु 05 क्विंटल प्रति एकड़, मूंगफली 07 क्विंटल प्रति एकड़, उड़द एवं मूंग 03 क्विंटल प्रति एकड़ अधिकतम कय सीमा निर्धारित की गई। कृषि विभाग द्वारा सभी दलहल-तिलहन उत्पादक कृषकों से अपील की गई है कि योजना अंतर्गत अधिसूचित खरीफ फसलों के उपार्जन हेतु समय सीमा में बीज उपार्जन हेतु संबंधित उपार्जन केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैं।

### वार्ड-56 में 12 लाख से हो रहे डामरीकरण का मेयर अलका ने किया निरीक्षण

# डामरीकरण की गुणवत्ता हुई खराब तो अफसर होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बारिश के बाद जर्जर और गड्ढों वाली सड़कों का मेंटेनेंस किया जा रहा है। गुरुवार को महापौर अलका बाघमार ने वार्ड-56 में चल रहे डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद ललित ढीमर मौजूद थे।

वार्ड 56 में राजपूत किराना स्टोर्स से लेकर देवांगन के घर तक डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य की लंबाई 700 मीटर में जारी डामरीकरण एवं बीटी रिपेयर सड़क कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। महापौर ने कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने कहा। साथ ही गुणवत्ता में लापरवाही सामने आने पर ठेकेदार और अफसरों की जिम्मेदारी तय की। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता और मजबूतों की विस्तार से जानकारी ली।



### बारीकी से किया अवलोकन मजबूती पर ध्यान रखने निर्देश

महापौर अलका बाघमार ने कार्यस्थल पर सड़क की फिनिशिंग, डामर की मोटाई, लेवलिंग, रोलिंग एवं दोनों किनारों की संरचनात्मक मजबूती की जांच करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अच्छी और मजबूत सड़कें नागरिकों की सुगमता एवं सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक हैं, इसलिए गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने सड़क की ढलान, जॉइंटिंग, बेस क्वालिटी सहित नालियों एवं जल निकासी व्यवस्था का भी अवलोकन किया। इस निरीक्षण स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

### पेवर ब्लॉक कार्य का किया निरीक्षण, समय पर काम पूरा करने के निर्देश

वार्ड 1 में चल रहे पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेने महापौर अलका बाघमार द्वारा लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, पार्षद ललित ढीमर के साथ मौके पर पहुंचकर विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण चंद्रशेखर स्कूल के पास सड़क किनारे चल रहे निर्माण कार्य के संदर्भ में किया गया। उनके साथ ठेकेदार शुभ सोनकर भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने पेवर ब्लॉक कार्य की फिनिशिंग और स्तर का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कई स्थानों पर ब्लॉकों की बिछावट पर गलतियां निकली, अनियमित सतह और किनारों पर ढलाई की कमी को तुरंत चिन्हित किया। स्थिति को देखते हुए उन्होंने स्वयं अपने हाथों से माप जोख कर कार्य की बारीकियों की जाँच की, जिससे मौजूद कर्मचारियों को भी स्पष्ट संदेश गया कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है।

**खबर संक्षेप**



### चेतन को सम्मानित किया सांसद प्रतिनिधि वर्मा ने

**उतई।** आदर्श नगर उतई निवासी भुनेश्वर साहू के सुपुत्र चेतन साहू ने टेनिस बॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। इस उपलब्धि पर सांसद प्रतिनिधि मोरध्वज वर्मा ने बधाई देते हुए 5100 नगद प्रदान किया तथा मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख रुपए दिलाने का आश्वासन दिया है।

### विराट जस झांकी प्रतियोगिता 26 से

**उतई।** श्री आदर्श जस झांकी परिवार एवं समस्त ग्राम वासियों मतवारी के सयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय विराट जस झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 व 27 जनवरी को किया गया है। जिसमे राज्य के विभिन्न ख्याति प्राप्त मंडली अपनी प्रस्तुति देंगे। अध्यक्ष पमेश्वर साहू ने आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर इस प्रतियोगिता का आनंद लेने की अपील की है।

### महुदा में मंडई मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**सेलुद।** ग्राम महुदा में मंडई मिलन समारोह का कार्यक्रम 09 जनवरी को रखा गया है। रात्रिकालीन आयोजन में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकार चिन्हारी लोक मंजिरा पायल साहू की प्रस्तुति होगी। इसके बाद 10 व 11 जनवरी को दो दिवसीय देवी मानस गान प्रतियोगिता की प्रस्तुति होगी और 13 जनवरी से 22 जनवरी तक वृंदावन की अंशिका देवी की भव्य रामकथा होगी। जानकारी स्थानीय युवा नेता परस राम साहू ने दी है।

### ओड़ारसकरी में दो दिवसीय सस्वर मानसगान कल से

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी (अर्जुन्दा) में दो दिवसीय सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी को सुबह 9 बजे से रखा गया है। पहले दिन मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद उपस्थित रहेंगी। अध्यक्षता अनिल सोनी, सरपंच ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी करेंगे। वहीं विशेष अतिथि पुरुषोत्तम चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही शामिल होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण के रूप में मीना उमाशंकर साहू (सदस्य जिला पंचायत बालोद), नितीश मोन्टी यादव (उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही), विश्वास गुप्ता (अध्यक्ष भाजपा मंडल अर्जुन्दा), धारा पंकज चौधरी (सदस्य जनपद पंचायत गुण्डरदेही), जे.आर. सिन्हा (सेवानिवृत्त शिक्षक), नरेन्द्र यादव (ग्राम पटेल), चेमन सिन्हा (अध्यक्ष SMDC एवं ग्राम विकास समिति) सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहेंगे।

**निधन**

### नेमीचंद ताम्रकार



**दुर्ग।** तमेर पारा दुर्ग निवासी नेमीचंद ताम्रकार (पुकलु साव) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरना बांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे लक्ष्मी नाथ ताम्रकार के चाचा और राजकुमार, सुच्चा, पप्पू ताम्रकार के पिता तथा रोहित, विकास, अंकित ताम्रकार के दादा थे।

# श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

परसबोड (धमधा) में 9 जनवरी तक श्रीमद्भागवत कथा श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। कथा व्यास पं. मनोज शर्मा (अध्यात्मवेत्ता, भंडारपुर–डोंगरगढ़) यहां संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का वाचन कर रहे है। कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ ले रहे हैं। प्रथम दिवस की कथा में पं. मनोज शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भागवत साक्षात मोक्ष स्वरूप है। मानव को परम सुख और शांति केवल अध्यात्म से ही प्राप्त हो सकती है और अध्यात्म का संपूर्ण सार श्रीमद्भागवत कथा में निहित है। उन्होंने कहा कि जीव को परमात्मा से जोड़ने का श्रेष्ठ माध्यम भागवत कथा है।

कथा प्रसंग में श्रृंगी ऋषि के श्राप और राजा परीक्षित की कथा का वर्णन करते हुए बताया गया कि तक्षक सर्प के डसने से मृत्यु का समाचार सुनकर राजा परीक्षित ने सांसारिक मोह त्याग कर भगवत चिंतन का आश्रय लिया। सद्गुरु श्री शुकदेव से भागवत कथा श्रवण कर उन्होंने भगवत कृपा से भगवत गति प्राप्त की। पं. शर्मा ने कहा कि भागवत कथा का उद्देश्य "पिबत भागवतं रसमालयं" है, अर्थात जब तक शरीर में चेतना है, तब तक भगवत रस का पान करते रहना चाहिए। भागवत कथा के माध्यम से मनुष्य को ज्ञान, भक्ति और वैराग्य की प्राप्ति



होती है। प्रह्लाद चरित्र के प्रसंग में उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद को स्तंभ में भगवान के दर्शन हुए, जबकि अहंकारी हिरण्यकश्यप को दर्शन नहीं हुए। इससे यह संदेश मिलता है कि भक्ति दृष्टि से ही ईश्वर के दर्शन संभव हैं। समुद्र मंथन कथा में भगवान कच्छप अवतार तथा भगवान शिव द्वारा विषपान के प्रसंग का वर्णन किया गया। वामन अवतार के संदर्भ में उन्होंने कहा कि जब जीवन में अहंकार बढ़ता है, तब ईश्वर विराट रूप धारण करते हैं, और जब जीवन में सत्य, प्रेम, करुणा और भक्ति आती है, तब वही ईश्वर बाल रूप में प्रकट होते हैं। पंचम दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत धारण, महारास लीला सहित विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया गया।

उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाएं लोक कल्याण हेतु हैं और भागवत कथा मानव जीवन को मधुर व सार्थक बनाती है। कार्यक्रम अनुसार,बुधवार को सुदामा चरित्र,शुक्रवार को गीता उपदेश, हवन, तुलसी वर्षा, महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ कथा का समापन होगा। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन समस्त सेलोकार परिवार के तत्वावधान में किया गया है। आयोजकः सुखीराम साहू, रामकुमार साहू, प्रीत साहू, हरख साहू, सेवाराम साहू, उमेश साहू, गंगेश साहू एवं समस्त सेलोकार परिवार, परसबोड (धमधा) शामिल हैं।

## अवैध लकड़ी से लदा ट्रक हुआ अनियंत्रित

# पाटन में अवैध अर्जुन-कहुआ लकड़ी का कारोबार बेखौफ जारी, हादसे ने खोली प्रशासन की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

पाटन क्षेत्र में अवैध अर्जुन-कहुआ लकड़ी का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर बेखौफ होकर दिनदहाड़े अवैध लकड़ी का परिवहन कर रहे हैं और प्रशासन की कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। आज शाम लगभग 8 बजे भररा चौक के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जिसने अवैध लकड़ी तस्करी की गंभीरता को उजागर कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मेटाडोर वाहन जिसमें भारी मात्रा में कहुआ लकड़ी अवैध रूप से लदी हुई थी, अनियंत्रित होकर एक फैंसी दुकान में जा घुसा। दुकान में काम कर रही युवतियाँ बाल-बाल बचीं, अन्यथा एक बड़ा जानलेवा



हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए। जब 'हरिभूमि' को पता चला तो पाटन के एक पुलिस कर्मी ने अपनी रुतबा दिखाते धक्का देते वहां से चले जाने कह दिया। ऐसे में पाटन पुलिस की मिली भगत साफ जाहिर हो रही है ।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था, जिससे वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हैरानी की बात यह है कि अवैध लकड़ी से लदा वाहन इतनी आसानी से नगर क्षेत्र तक पहुंच गया, लेकिन किसी भी स्तर पर वन विभाग या संबंधित अधिकारियों की निगरानी नजर नहीं आई।

सूत्रों के अनुसार, अवैध अर्जुन-कहुआ लकड़ी की तस्करी लंबे समय से क्षेत्र में चल रही है और इसे रोकने में विभाग पूरी तरह विफल साबित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि तस्करों को संरक्षण प्राप्त है, इसी कारण वे खुलेआम लकड़ियां बाहर भेज रहे हैं। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश है और उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अवैध लकड़ी तस्करी पर सख्त कार्रवाई की जाए, नशे में वाहन चलाने वालों पर कठोर दंड लगाया जाए तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।



# स्कूली बच्चों ने समझा सॉफ्ट वेयर एवं हार्ड वेयर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

पी एम श्री सेजेस कुम्हारी के नवमी, दसवी ग्यारहवी एवं बारहवी के विद्यार्थियों को जी सीसी एजुकेशन अकादमी कुम्हारी में व्यावसायिक प्रशिक्षिका मनीषा सरकार (ट्रेड – मीडिया एंड इंटरटेनमेंट ) के द्वारा जी सी सी एजुकेशन अकादमी में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा कंप्यूटर सेंटर में होने वाले कार्यो जैसे – एम एस एक्सेल, एम एस वर्ड, वेब डिजाइनिंग, पासपोर्ट साइज़ फोटो बनाना, सॉफ्ट वेयर एवं हार्ड वेयर की जानकारी प्रदान की गयी तथा शासन प्रशासन के द्वारा चल रही योजनाओ के बारे में बताया गया जिससे विद्यार्थियों में स्वरोजगार बनाये जाने में रुचि उत्पन्न हुई। गीतेश्वर साहू अकादमी प्रमुख जी सीसी एजुकेशन अकादमी कुम्हारी के द्वारा विद्यार्थियों को उचित दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

साथ ही साथ दिसंबर माह में अतिथि शिक्षक के रूप में भूमिजा ठाकुर तथा कृतिका जुरेसिया ने 9 वी, 10 वी, 11 वी एवं 12 वी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पासपोर्ट साइज़ फोटो मेकिंग,एम एस प्रेजेंटेशन, एम एस एक्सेल, एम एस वर्ड, एम एस ऑफिस, फोटोशोप, विडियो एडिटिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के साथ साथ बेहतर संचार प्रणाली इत्यादि विषय वस्तु पर अतिथि व्याख्यान दिया।

# वार्षिक उत्सव एवं आनंद मेला में प्रतिभा दिखाई बच्चों ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में वार्षिक उत्सव एवं आनंद मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद दुर्ग माननीय राकेश हिरवानी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर थे। शाला विकास समिति के अध्यक्ष आनंद चंद्राकर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ग्राम सरपंच खुमान निषाद सहित गांव के वरिष्ठ जन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों ने विभिन्न तरह के पकवानों का स्टॉल लगाया साथ ही शाला के मंच पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किया गए इन सभी विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा विशेष राशि से सम्मानित किया गया। विधायक ने अपने उद्बोधन में बालिकाओं की शिक्षा उनके क्रियाकलापों प्राथमिकता देते हुए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य नीलमणि उज्ज्वने द्वारा विद्यार्थियों के कार्यों की प्रशंसा की गई। शाला के व्याख्याता भवानी सिंह देशमुख द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता डॉ॰ सरोज साहू द्वारा किया गया। कक्षा शिक्षक व्याख्याता शीला चंद्रा, डॉक्टर रूपमती साहू, प्रीतम देवांगन, दानेश्वरी सिन्हा, वेदिका साहू, रीना पिलोदिया, हर्षा महलवार, प्रीति सलाम, वीरेंद्र गजपाल, टी एन साहू और सुनील डड़सेना का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

### औरी में त्रि दिवसीय सस्वर मानस दर्शन आज से

**जामगांव आर।** मानस मित्र समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से औरी में त्रि दिवसीय सस्वर मानस दर्शन का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक किया गया है। कलश स्थापना एवं शोभा यात्रा दोपहर 1 बजे एवं मंत्रोच्चारण पंडित रमेश शर्मा के मुखारविंद से होगी।

समापन समारोह के मुख्यातिथि पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश बघेल होंगे। शुभारंभ समारोह के मुख्यातिथि सांसद विजय बघेल होंगे। समापन अवसर पर अतिथि मंच पर जामगांव आर सरपंच रूपेंद्र शुक्ला , सरपंच श्रीमती मीनू राकेश शर्मा, कांग्रेस नेता उमाकांत चंद्राकर एवं बाघनदी थाना प्रभारी ढालसिह साहू समारोह में मंचासिन रहेंगे। शुभारम्भ समारोह में जिला पंचायत सभापति द्वय कल्पना नारद साहू एवं नीलम राजेश चंद्राकर , जनपद सदस्य रामकुमार चंद्राकर, सोसायटी अध्यक्ष भगवान चंद्राकर , सरपंच श्रीमती मीनू राकेश शर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष चंद्रिका चंद्राकर सचिव द्वारिका साहू कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साहू मंच पर आसीन रहेंगे।

### चिंगरी में बड़े मेला 21 को

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में मातर चौतरा नया जगह पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य मंडई मेला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह पारंपरिक मेला 21 जनवरी को आयोजित होगा।

**बिजनेस न्यूज**

# दुर्ग के मनीष पारख का दिल्ली में हुआ सम्मान

**भिलाई।** राजधानी दिल्ली में भारत प्रतिभा सम्मान से मेघगंगा ग्रुप के चेयर मेन मनीष पारख जी को दिनांक 5 जनवरी 2026 नए वर्ष में सम्मानित किया गया, पूरे ग्रुप और छत्तीगढ़ के प्रदेश वासियों के लिए यह गर्व का विषय है, यह सम्मान सेवा के कार्य, स्वास्थ, शिक्षा और सामजिक जिम्मेदारी के लिए लगातार किए गए सेवा भाव के साथ प्रयासों के लिए दिया गया।

मेजर जनरल (डा.) यशपाल सिंग मौर (सेना मेडल अवार्डी) एवं डॉ उमा तुली जी ( पद्मश्री ) द्वारा यह सम्मान प्राप्त हुआ । भविष्य में सेवा कार्य हेतु मेघ गंगा ग्रुप हमेशा तत्पर है ।

हालही में बीते वर्ष दिसम्बर में प्राइड ऑफ इंडिया 2025 -26 के सम्मान से भी दिल्ली में श्री शिवराज जी चौहान (पूर्व मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश) के द्वारा सामाजिक उत्थान और व्यापारिक दूरदृष्टता के साथ कार्य करने क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु प्राइड ऑफ इंडिया 2025 -26 के सम्मान से सम्मानित किया गया था।



यह सम्मान ₹मेघ गंगा ग्रुप₹ परिवार के सामूहिक प्रयास, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रतीक है, जो की अपने नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है।

मेघ गंगा ग्रुप दुर्ग शहर की एक प्रख्यात व्यवसायिक समूह है, जिसके नींव मनीष पारख जी द्वारा रखा गया, जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देने प्रतिबद्ध है।

जिसके अंतर्गत अविश एडुकॉम, लाइफकेयर डायग्नोसिस – NABL, NABH की मान्यता, महावीर ज्वैलर्स, जयदीप गैस एजेंसी, डिजाइनो डिज़ाइन एनीथिंग, TISD - द इंटरनेशनल स्कुल ऑफ़ डिज़ाइन, FADE एवं KAC- गेटवे ऑफ ग्लोबल एजुकेशन जैसे संस्थान आते है, मेघ गंगा ग्रुप के ये सभी स्तंभ सामुदायिक विकास और सामाजिक दायित्वों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

मनीष पारख जो शहर के चर्चित उद्योगपतियों में शामिल है ने इस सम्मान को अपनी टीम के सामूहिक प्रयास, समर्पण और अटूट समर्थन का प्रतीक बताते हुए इस उपलब्धि को ₹मेघ गंगा ग्रुप₹ परिवार को समर्पित किया ।

मनीष पारख ने कहा "उन सभी का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने इस यात्रा में हमारे प्रति विश्वास जताया और साथ दिया। यह मील का पत्थर हमें एक उज्जवल और प्रभावशाली भविष्य के लिए और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करता हैं।"

पिछले 2 वर्ष 2025-26 में मनीष पारख के निर्देशन में : 1. मोर शहर मोर जिम्मेदारी के अंतर्गत दुर्ग शहर के गांधी चौक , शहीद चौक दुर्ग, राजेंद्र प्रसाद चौक, Y शेप ब्रिज स्थित चौक का पुनर्निर्माण। 2. स्वच्छता के मापदण्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्यपाल छत्तीसगढ़ द्वारा सम्मानित । 3. स्वास्थ क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु धन्वंतरि अवार्ड से सम्मानित किया गया। 3. मेघ गंगा ग्रुप में TISD , FADE, VANNAKHAM & चॉकलेट स्टोरी, KAC- गेटवे ऑफ़ ग्लोबल एजुकेशन जैसे नए उपक्रम जुड़े । 4. लाइफकेयर डायग्नोसिस में नवीन टेक्नोलॉजी और महत्वपूर्ण मशीनों का इंस्टालेशन किया गया ।

# दीपशिखा विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**भिलाई।** दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह ,उतई में प्रतिवर्षानुसार रजत जयंती वर्ष के अवसर पर वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान. ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण उपाध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यक्षता दीपशिखा शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रेम लाल सिन्हा ने किया। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती साहू, श्रीमती शीतला ठाकुर अध्यक्ष भाजपा मण्डल उतई, श्री धर्मेश बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीह, श्री करण सेन सरपंच ग्राम पंचायत करवाती, श्री भुवनेश्वर प्रसाद साहू सरपंच पतोरा रहे।। सर्वप्रथम अतिथियों ने माँ सरस्वती के मंदिर में दीप प्रज्वलित कर तथा छत्तीसगढ़ महतारी की वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात समस्त अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं चंदन के साथ अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर छात्र छात्राओं के द्वारा लगाए गए विज्ञान प्रदर्शनी,

पुष्प सज्जा, थाल सज्जा ,सलाद सज्जा, वेस्ट टु बेस्ट का अतिथियों ने अवलोकन कर सराहा। इस अवसर पर मुख्यातिथि चंद्राकर ने सभी अभिभावकों अतिथियों एवं विद्यालय परिवार को नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है जिसमें विद्यालय की उपलब्धि एवं बच्चों की प्रतिभा को पालकों तथा अभिभावकों तक पहुँचाने का

माध्यम होता है तथा बच्चों की विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धि को सराहने एवं सम्मानित करने का अवसर होता है। उन्होंने प्रतिभावान सभी बच्चों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए अन्य बच्चों को भी इस योग्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय के डायरेक्टर डी एल सिन्हा प्राचार्य के आर सिन्हा प्रधान पाठक एन के चंद्राकर ने अतिथि देवो भव को चरितार्थ करते हुए मुख्य अतिथि का शाल श्रीफल एवं प्रतीक चिह्न से सम्मानित किए।

इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के प्रतिभावान छात्र- छात्राओं के साथ-साथ स्थानीय परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किए। विद्यालय के राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं



राज्य स्तरीय खिलाड़ी तथा भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रपति पुरस्कार के लिए चयनित वेदांत वर्मा एवं राज्यपाल पुरस्कार से पुरस्कृत बच्चों का भी अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया।

विद्यालय में गठित सदनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महानदी सदन को वर्ष की सर्वश्रेष्ठ हाउस के सम्मान से नवाजा गया। बेस्ट टीचर के रूप में सुश्री भूमिका साहू अंग्रेजी माध्यम तथा श्री विश्वजीत मुखर्जी हिंदी माध्यम चुने गए तथा बेस्ट स्टूडेंट हिंदी माध्यम से वेदांत वर्मा तथा अंग्रेजी माध्यम से श्रेया शेमुअल चुने गए। विद्यालय से उत्तीर्ण होनहार विद्यार्थी आदित्य चन्द्राकर का सीजीपीएससी 2024 में प्रशासनिक अधिकारी के रूप में चयनित हुआ है जिसको विद्यालय परिवार एवंअतिथि द्वारा सम्मानित किया गया । इस अवसर पर जिला शिक्षा कार्यालय दुर्ग से श्री विनोद कुमार सिन्हा मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा दुर्ग अपनी टीम के साथ उपस्थित थे। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे परीक्षा पे चर्चा 2026 के लिए अभिभावकों को प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए प्रेरित किए। कार्यक्रम में दुर्ग प्राइवेट एसोसिएशन के पदाधिकारी श्री हरीश साहू श्री दयाराम साहू श्री सनद देवांगन श्री सुशील साहू श्री दिनेश राजपूत तथा पालक शिक्षक समिति के सदस्य घनश्याम चंद्राकर तुलसीदेव झरना हिरवानी विद्यासाव श्रीमती चंदा सिन्हा लता सिन्हा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ प्रमोद जैन तथा बड़ी संख्या में अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक के के साहू एवं शिक्षिका शरनजीत कौर ने किया।

## कुम्हारी में आयोजित हुआ सप्तशक्ति संगम

# लंगड़ी और कुर्सी दौड़ कई पारंपरिक खेलों में खूब खेलीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

वर्ष 2025 की विदाई के ठीक पहले कुम्हारी और आसपास के लगभग 10 गांव की महिलाएं बड़ी संख्या में कुम्हारी में जुटीं और सप्तशक्ति संगम का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया। जहां एक तरफ समाज और इतिहास में महिलाओं की प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करने वाले उद्बोधन हुए, तो वहीं दूसरी तरफ महिलाओं ने नृत्य-संगीत के रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सैनिक परिवारों की महिलाओं का सम्मान किया गया। साथ ही लंगड़ी दौड़, कुर्सी दौड़, पिरामिड बनाओ, कौन पहले दीप




जलाए जैसी कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

गौरतलब है कि विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की योजना से पूरे देश भर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी मे भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गणेश स्तुति कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। इसके बाद नगर की महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीता राय रहीं। विशिष्ट वक्ता सुनीता साहू एवं मुख्य वक्ता टाकेश्वरी साहू ने वक्तव्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शारदा मौर्य एवं जागेश्वरी देवांगन ने किया। अतिथियों का परिचय विद्यालय की प्राचार्य मनीष साहू ने किया। स्वागत नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में महिलाओं के लिये खेल मनोरंजन गतिविधियां आयोजित की गईं जिनमें सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सभी समिति सदस्य एवं अन्य लोगों का सहारानीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### नहीं रहे ज्ञानरंजन श्रद्धांजलि सभा कल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग द्वारा प्रसिद्ध साहित्यकार मध्य प्रदेश प्रगतिशील लेखक संघ के पूर्व अध्यक्ष और साहित्यितक पत्रिका पहल के संपादक ज्ञानरंजन के निधन पर शोकसभा का आयोजन प्रलेसं भिलाई दुर्ग के अध्यक्ष परमेश्वर वैष्णव के सेक्टर 5 निवास क्वार्टर 21- ए, सड़क एसपीए में 10 जनवरी शाम 4 बजे किया गया है। शोक सभा में प्रगतिशील लेखक संघ, भारतीय जन नाट्य संघ, जनवादी लेखक संघ और जन संस्कृति मंच के साहित्यकार और सुधि जन उपस्थित रहेंगे।

### एसएमएस-2 में सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 (एसएमएस-2) द्वारा सुरक्षा माह के तहत गुरुवार को वर्क्स बिल्डिंग 26 में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को मुख्य महाप्रबंधक डी सत्पथी तथा कार्यकारी विभागाध्यक्ष एस देबसिकदार ने कार्यस्थल पर सुरक्षा प्रक्रियाओं के कठोर अनुपालन, जोखिमों की पूर्व पहचान तथा सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने पर विशेष बल दिया।उन्होंने कर्मचारियों एवं श्रमिकों से आह्वान किया कि वे सुरक्षित कार्य व्यवहार को दैनिक कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाएं और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा संदेश को प्रभावी ढंग से प्रसारित करने के उद्देश्य से सुरक्षा विषय पर आधारित लघु नाट्य प्रस्तुति, सुरक्षा पर केंद्रित कविताओं का पाठ तथा नियर मिस घटनाओं के लिए कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

### रक्तदान और नेत्र परीक्षण शिविर आज

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा माह के तहत दुर्ग पुलिस द्वारा रक्तदान और निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिवर का आयोजन 9 जनवरी को किया गया है। यातायात सहायता केन्द्र, बस स्टैंड के सामने दुर्ग में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित इस शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को हेलमेट का वितरण किया जाएगा।

### प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से मिले ललित



**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन से भेंट कर उन्हें राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में नवीन दायित्व ग्रहण करने पर बधाई दी। विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि उनका सशक्त संगठनात्मक अनुभव, स्पष्ट दृष्टि और समर्पित नेतृत्व पार्टी के विस्तार और सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस अवसर पर संगठनात्मक विषयों पर विचार-विमर्श हुआ तथा उनके मार्गदर्शन से प्रेरणा प्राप्त हुई। इस दौरान मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक रोहित साहू और राजीव लोचन दास उपस्थित थे।

# बीएसपी गेट के बाहर स्टैंड में बाइक चोरी की बढ़ी घटनाएं, सीसीटीवी लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की कार्यकारिणी की सेक्टर 4 कार्यालय में हुई बैठक श्रमिकों की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। श्रमिकों ने बताया कि संयंत्र में आने-जाने के लिए अधिकांश ठेका श्रमिक बीएसपी के प्रवेश द्वार के बाहर बने मोटरसाइकिल स्टैंड में अपने वाहन खड़े करते हैं, जहां लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हो रही हैं। स्टैंडों में सीसीटीवी कैमरे एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं से अब तक किसी भी आरोपी की पहचान नहीं हो पाई है। इससे श्रमिकों में चिंता और भय व्याप्त है। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक द्वारा बीएसपी प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि सभी मोटरसाइकिल स्टैंडों में शीघ्र सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## इंटक ने प्रबंधन के सामने रखी सुरक्षा से जुड़ी बातें




### 20% ठेका श्रमिकों की कटौती का विरोध

बैठक में बीएसपी प्रबंधन द्वारा नए ठेका कार्यों में 20% श्रमिकों की कटौती के निर्णय पर भी कड़ा विरोध दर्ज किया गया। उपाध्यक्ष मनोहर लाल ने कहा कि प्रबंधन के इस निर्णय से श्रमिकों में बेरोजगारी और परिवार के पालन-पोषण को लेकर भय और आक्रोश का माहौल है। श्रमिकों ने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आने वाले समय में आंदोलन और प्रदर्शन की तारीख तय की जाएगी। बैठक में स्टील ठेका श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष संजय साहू के स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक के महासचिव निर्वाचित होने पर सम्मान किया गया। ढोल-नगाड़ों, पटाखों, फूल-मालाओं के साथ मिठाई वितरण किया गया।

### श्रमिकों की आवाज होगी बुलंद

ठेका श्रमिकों ने कहा कि संजय साहू के महासचिव बनने से ठेका श्रमिकों की आवाज और अधिक मजबूत होगी तथा उनके हितों की लड़ाई को नई दिशा मिलेगी। श्री साहू ने भरोसा दिलाया कि श्रमिक हितों के लिए उनकी आवाज को बुलंद करते रहेंगे। बैठक में सीपी वर्मा, मनोहर लाल, दीनानाथ सिंह, सारवा आर., दिनेश, गुरुदेव साहू, सुरेश कुमार, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, जय राम ध्रुव, कान्हा, देवेंद्र कुमार, दामन लाल, दौऊ लाल, यशवंत यादव, मनहरण लाल, टोमन लाल, नारायण, नरेंद्र, इंद्रमणि, बलराम वर्मा, कामता प्रसाद, सुरेश दास टंडन, कोमल प्रसाद, जय कुमार, नवीन कुमार, कुलेश्वर प्रसाद सहित कार्यकारिणी के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूलों का हाल : दसवीं-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा को लेकर फरमान

# प्रेक्टिकल परीक्षा के बीच प्री बोर्ड परीक्षा, जिस दिन पेपर नहीं उस दिन भी लगेगी क्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस बार प्री बोर्ड परीक्षा जल्दी कराने के निर्णय ने विद्यार्थियों पर पढ़ाई का भारी बोझ डाल दिया है। दसवी व बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा 10 जनवरी से प्रारंभ करने और 15 जनवरी तक समाप्त करने का फरमान जारी किया गया है। यानी महज पांच दिन में प्री बोर्ड की सभी विषयों की परीक्षाएं पूर्ण कर ली जाएगी। एक जनवरी से प्रेक्टिल परीक्षाएं भी विद्यार्थी दे रहे हैं। यही नहीं आदेश यह भी है कि जिस दिन परीक्षाएं नहीं होगी उस दिन नियमित क्लास भी लगेगी। मौजूदा हालात में विद्यार्थियों को दोहरी परीक्षा की तैयारी करना पड़ेगा। वहीं शिक्षकों को भी शत-प्रतिशत कोर्स पूरा करवाने की समस्या से जूझना होगा।

## लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश से विद्यार्थियों पर दोहरा दबाव



### इस तरह पढ़ाई रही प्रभावित

लोक शिक्षण संचालनालय से जारी निर्देश पर 10वीं-12वीं कक्षा की छमाही परीक्षा 12 से 20 दिसंबर तक हुई। इसके बाद शीतकालीन छुट्टियां लग गईं। वहीं फेडरेशन के आह्वान पर कई स्कूलों के शिक्षक भी तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल रहे। यानी करीब 10 दिन तक स्कूल लगभग बंद रहे। कक्षाएं लगने के दिन आए तो 1 जनवरी से प्रैक्टिकल एग्जाम शुरू हो गए। यह 20 जनवरी तक होंगे। वहीं अब माशिमं ने कक्षा दसवीं और बारहवीं में पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्री बोर्ड परीक्षा कराने के निर्देश दे दिए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों का यह परीक्षा हर हाल में 15 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थी और शिक्षक दोनों सिर्फ परीक्षा में ही उलझे हुए हैं और उनके बचे हुए कोर्स के लिए समय ही नहीं मिल रहा है। गंभीर विषय यह है कि अगले माह 20 फरवरी से दोनों कक्षाओं को फिर मुख्य परीक्षा के दौर से गुजरना होगा।

### हाल ही में अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम हुए हैं घोषित

10वीं-12वीं के छात्र दिसंबर से जनवरी के बीच तीन परीक्षाओं में हिस्सा लेंगे। 20 दिसंबर तक हुई छमाही परीक्षा के नतीजे सप्ताहभर हुए है। वहीं स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू हो गई है। इस बीच अब माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्री-बोर्ड परीक्षा 15 जनवरी तक कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके कारण बीते एक महीने से बच्चे सिर्फ परीक्षाएं ही दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर स्कूल में परीक्षा लेने व उसकी तैयारियों में ही समय निकल जा रहा है और कोर्स पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इसका असर बोर्ड की मुख्य परीक्षाओं पर पड़ सकता है।

### एसआईआर, छुट्टियों से पढ़ाई प्रभावित, 90 फीसदी रिजल्ट लाने का दबाव भी

स्कूलों में बिना पढ़ाई के ही लगातार परीक्षाओं का दौर चल रहा है। इसके अलावा दो माह से शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में लगा दी गई है। इधर सभी सरकारी स्कूलों पर शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने व 90 प्रतिशत से ऊपर प्रतिशत वाले छात्रों की संख्या बढ़ाने का दबाव है। इसके साथ ही शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए भी दिसंबर महीने में दूसरा चरण चला। दुर्ग जिले के 19 हाई और 23 हायर सेकंडरी स्कूल डी ग्रेड में हैं। यानी कुल 42 डी ग्रेड वाले स्कूलों में दसवी और बारहवीं के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इन विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होने लायक बनाना है ताकि जिले के रिजल्ट अच्छा किया जा सके।

### दसवीं और बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की समय सारिणीः समय दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक

| तिथि | दसवी | बारहवीं |
|---|---|---|
| 10 जनवरी | हिन्दी | राजनीति विज्ञान, रसायन शास्त्र, लेखा शास्त्र |
| 12 जनवरी | अंग्रेजी | हिन्दी |
| 13 जनवरी | विज्ञान | जीवविज्ञान, इतिहास, शरीर क्रिया विज्ञान, फसल उत्पादन |
| 14 जनवरी | सामा. विज्ञान | अंग्रेजी |
| 15 जनवरी | गणित | भौतिक शास्त्र, भूगोल, व्यवसाय अध्ययन,पशुपालन, गृह विज्ञान संकाय |
| 16 जनवरी | टेक्नोलॉजी,आटोमोबाइल सर्विस, इंफारमेशन टेक्नोलॉजी, टेली कम्युनिकेशन | समाजशास्त्र, होम आटोमोबाईल सर्विस टेक्नीशियन, टेली कम्युनिकेशन, साईंस, कला संकाय, संस्कृत, रिटेल मार्केटिंग, हेल्थ केयर, मीडिया मैनेजमेंट, इलेक्ट्रानिक्स |
| 17 जनवरी | संस्कृत | गणित, अर्थशास्त्र, औद्योगिक संगठन, कृषि विज्ञान एवं गणित के मूल तत्व, गृह विज्ञान संकाय |

### परीक्षा समाप्ति के तीन दिन बाद रिजल्ट भी देना होगा

प्री बोर्ड परीक्षा समाप्ति के तीन दिन बाद रिजल्ट भी घोषित करने का फरमान है। यानी जिस दिन परीक्षा होगी उस दिन की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच भी शिक्षकों को करनी होगी। तभी इस आदेश का पालन किया जा सकेगा। मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं को कार्यालय में रखना है जिसे जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी निरीक्षण कर सकें। प्रश्नपत्रों का वितरण भी जिला शिक्षा विभाग द्वारा किया गया है।

### टाइम टेबल जारी

परीक्षाओं के लिए उच्चाधिकारियों ने आदेश दिए हैं। प्री-बोर्ड परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी। टाइम टेबल भी जारी कर दिए गए हैं।

**-अरविंद कुमार मिश्रा**, डीईओ दुर्ग

# रिटेंशन स्कीम, किराया वृद्धि कम कराने सड़क पर उतरेंगे : देवेंद्र

## 25 जनवरी को करेंगे इस्पात भवन तक पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- भिलाई को बिकने नहीं देंगे मुहिम के तहत 21 जनवरी से जन जागरण अभियान

भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव बीएसपी के निजीकरण नीति के खिलाफ सहित रिटेंशन स्कीम में किराया वृद्धि और व्यापारियों के दुकानों की लीज नवीनीकरण शुल्क की रजिस्ट्री बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग को लेकर फिर एक बार जनांदोलन करेंगे। जन जागरण अभियान के तहत निदान के लिए दबाव बनाने के लिए 25 जनवरी को इस्पात भवन त तक पैदल मार्च निकालेंगे।

अपने सेक्टर पांच निवास पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए विधायक स्री यादव ने बताया कि बीएसपी प्रबंधन की निजीकरण के खिलाफ जन जागरण अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। विधायक ने कहा कि टाउनशिप के ज्वलंत मुद्दों को लेकर भिलाई में सत्याग्रह किया था; जिसमें सेल-बीएसपी प्रबंधन के प्रभारी डायरेक्टर इन चार्ज से रिटेंशन स्कीम, दुकानों का लीज नवीनीकरण समेत अन्य विषयों पर चर्चा हुई थी। प्रबंधन की ओर से बीएसपी सेक्टर नौ हास्पिटल को लीज पर नहीं देने, अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारी और पूर्व कर्मीयं की सुविधाएं यथावत रखने और मैत्रीबाग को किसी भी संस्थान को नहीं देने की सहमति बनी थी। लेकिन रिटेंशन स्कीम के तहत आवासों की किराया दर में की गई बढ़ोत्तरी को वापस लेने या लाइसेंस पर देने के विषय पर अब तक प्रबंधन का फैसला आया नहीं है। टाउनशिप व्यापारियों की दुकानों का लीज नवीनीकरण रजिस्ट्री शुल्क को भी कम करने के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया है।

इसलिए जन आंदोलन को शुरू करने से पहले वार्डों का भ्रमण कर भिलाईवासियों से विचार विमर्श किया जाएगा।

### सेवानिवृत्ति देकर जिम्मेदारी से न बचे प्रबंधन

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि जन जागरण मुहिम की शुरुआत शुरूआत 12 जनवरी से होगी। इस दौरान वार्डों में जाकर रिटेंशन स्कीम और लायसेंस के तहत आवंटित आवासधारियों से भेंट मुलाकात कर उनकी राय लेंगे और आवासों की वस्तुस्थिति की जानकारी लेंगे। सबकी राय लेने के बाद 25 जनवरी को बीएसपी के इस्पात भवन तक पैदल मार्च किया जाएगा। विघायक यादव ने कहा कि भिलाई की जनता के सहयोग से हमने 5 दिन का उपवास रखा था और 5 दिन की उपवास के बाद प्रबंधन चर्चा के लिए तैयार हुआ। जिसमें पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय सेक्टर.-9 को लीज पर नहीं देने, अस्पताल में कार्य करने वाले कर्मचारी और पूर्व कर्मचारियों की सुविधाएं यथावत रखने और मैत्री बाग को किसी भी संस्थान को नहीं देने की सहमति बनी थी। रिटेंशन स्कीम को लेकर प्रबंधन की ओर से जवाब नहीं आया है। इसलिए मेरी जिम्मेदारी है कि जनहित के मुद्दों का निराकरण कराऊं। उन्होंने कहा कि हर समस्या का निदान संवाद से किया जा सकता है, लेकिन बीएसपी प्रबंधन संवाद ही स्थापित नहीं करना चाहता है, ऐसा नहीं चलेगा। प्रबंधन कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति देकर अपनी जिम्मेदारियों से नहीं बच सकता।

## ओए की निकली सायकल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा संचालित फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का बीएसपी साइक्लिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं बीएसपी सायकल पोलो क्लब के तत्वाधान मे सायकल रैली बीएसपी ओए प्रगति भवन से निकली। परिवार चौक से रेल चौक होते हुए मिराज सिनेमा चौक से होते हुए वापस प्रगति भवन में संपन्न हुई। रैली में 75 बच्चों के साथ बीएसपी साइक्लिंग क्लब, बीएसपी सायकल पोलो क्लब एवं साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। रैली में बीएसपी साइकिलिंग पोलो क्लब के पूर्व महासचिव परविंदर सिंह के नेतृत्व में साइकिलिंग की गई। ओए अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार बंछोर ने प्रतिभागियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

रैली में महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन, छत्तीसगढ़, विनायक चन्नावर, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के सदस्य शशिकांत पांडे आदि उपस्थित थे।

# दो जोन में निगम कुर्की दल पहुंचा बकाएदारों से 9.13 लाख टैक्स वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई वित्तीय स्थिति सुदृढ़ करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर गठित कुर्की दल ने गुरूवार को जोन-2 वैशाली नगर एवं जोन-4 शिवाजी नगर क्षेत्र के बकायादारों से राशि 9.13 लाख रूपये वसूल किया गया है।

आयुक्त ने निगम की वित्तीय स्थिति में सुधार करने लगातार वसूली एजेंसी को पत्र जारी कर स्थिति सुधारने निर्देशित किये थे। साथा ही शहर के बड़े बकायादारों से संपत्तिकर की लंबित राशि की वसूली हेतु कुर्की दल का गठन किया गया है। कुर्की दल बड़े बकायादारों के स्थल पर पहुंच कर संपत्ति को सील करने की कार्यवाही कर रहे हैं, किन्तु कुर्की दल के मौके पर पहुंचते ही भवन अथवा भूमि स्वामी द्वारा संपत्तिकर राशि का भुगतान किया जा रहा है। कुर्की वसूली दल ने गुरूवार को राशि 9,13,879.00 रूपये की वसूली किया है। नगर निगम भिलाई का नागरिको से अपील की है कि निगम के लंबित करो का भुगतान वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व कर के लगने वाले अधिभार से बचे और राशि का भुगतान कर शहर के विकास में सहयोग करें। कुर्की दल में सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, सुनील जोशी, बेदखली नोडल विनय शर्मा, सहायक नोडल हरि ओम गुप्ता, संजीव तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, समीर अहमद, मंगल, सतनाम, ईश्वर चन्द्र, पी मधुसुदर आदि उपस्थित रहे।



- वैशालीनगर जोन दो और शिवाजीनगर जोन चार में कार्रवाई

## दुर्ग पुलिस ने सुनी पुलिस लाइन परिवारों की बात

# पुलिस लाइन की समस्याओं पर अफसरों से मिले रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- निगम ने दिया त्वरित निराकरण का आश्वासन

दुर्ग पुलिस द्वारा पुलिस लाइन क्षेत्र में निवासरत परिवारों की समस्याओं को लेकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को पुरानी पुलिस लाइन दुर्ग स्थित प्रशासनिक भवन के दधीचि प्रशिक्षण हॉल में किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में नगर पालिका निगम दुर्ग, पीडब्ल्यूडी और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में पुरानी पुलिस लाइन, नई पुलिस लाइन और पुरानी थाना दुर्ग क्षेत्र में रहने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवारों से सीधा संवाद किया गया।




कार्यक्रम के दौरान परिवार के सदस्यों ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को महापौर दुर्ग अलका बाघमार, नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, एमआईसी सदस्य नीलेश अग्रवाल और स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के समक्ष रखा।

महापौर अलका बाघमार ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं का निराकरण कल से ही शुरू किया जाए। वहीं पीडब्ल्यूडी के एसडीओ साहू ने जर्जर भवनों का सर्वे कर मरम्मत की कार्रवाई करने की बात कही। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना हेलमेट आने पर हॉस्पिटल स्टॉफ का नहीं होगा अटेंडेंस पंच



**भिलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा वाहन चालकों और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिला स्तरीय पर किया जा रहा है। इसके तहत बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे अस्पताल स्टाफ को रोककर समझाइश दी जा रही है। मौके पर यातायात पुलिस द्वारा हेलमेट पहनने की अनिवार्यता और उसकी उपयोगिता के संबंध में जानकारी दी गई, जिसके पश्चात संबंधित स्टाफ को हेलमेट पहनाकर शपथ दिलाया गया कि भविष्य में बिना हेलमेट कभी भी दो पहिया वाहन चालान नहीं करेंगे। हॉस्पिटल प्रबंधन को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए निर्देशित किया गया कि अस्पताल परिसर में सभी दोपहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं। यह भी निर्णय लिया गया कि जो स्टाफ बिना हेलमेट के अस्पताल आएगा, उसका अटेंडेंस पंच नहीं किया जाएगा।






हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 9 जनवरी 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

## विभिन्न गेम्स में रहे विजेता

50 मीटर दौड़ फर्स्ट किरण साहू, सेकेंड वीणा, थर्ड सारिका। नींबू दौड़ फर्स्ट किरण साहू सेकेंड संगीता चौबे, थर्ड वीणा एवं प्रेमलता स्ट्रा रिले दौड़ फर्स्ट जुली साहू और सपना गौर सेकेंड सुष्मिता और केया, थर्ड एकता और वंदना कुमार ड्रेसअप दौड़ फर्स्ट सरोज खत्री, सेकेंड वंदना कुमार, थर्ड सुष्मिता हालदार बॉल दौड़ फर्स्ट वंदना कुमार, सेकेंड किरण साहू, थर्ड सपना गौर इसके अलावा हाउसी भी खिलवाई गई, जुसमें विभिन्न कैटेगिरी में विजेताओं को पुरस्कृत किया गय।



## लाइव इवेंट

### लगाया छप्पन भोग, बताया- भगवान अपने भक्त की हर परिस्थिति में करते हैं रक्षा



**भिलाई।** सर्व हिंदू समाज की ओर से सत्यनारायण धर्मशाला न्यू खुर्सीपार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन गुरुवार को महंत गोपाल शरण देवाचार्य महाराज ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण द्वारा ब्रज में दो प्रकार की लीलाएं की गई। पहला ऐश्वर्यमयी लीला और दूसरी माधुर्यमयी लीला। माधुर्यमयी लीला उसे कहते हैं, जिसमें वे गोपियों के घर जाकर माखन चुराते थे, ग्वाल बालों के साथ खेलते थे। वहीं कालिया मर्दन, ग्वाल बालों का रूप धारण करना, गोवर्धन पर्वत उठाना, राक्षसों का वध करने, यही ऐश्वर्यमयी लीला है। महंत ने कहा कि भगवान केवल भक्ति से प्राप्त किए जा सकते हैं, तर्क से नहीं। अपने भक्त की भगवान हर परिस्थिति में रक्षा करते हैं और अहंकार करने वालों का मान तोड़ देते हैं। भगवान की भक्ति में अहंकार की जगह नहीं होती। भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र का अहंकार तोड़ने ही गोवर्धन पर्वत की पूजा कराई। महंत ने कहा कि भारत की महान परंपरा में हजारों ऋषि, मुनियों, महापुरुषों का योगदान रहा है। उनका स्मरण रखना आवश्यक है। हम कौन हैं, हमारी विरासत क्या है, हमारी परंपरा, संस्कृति का भान हमें होना जरूरी है। समिति के संयोजक शिरीष अग्रवाल, पवन अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार की कथा में भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। कथा के मुख्य यजमान शारदा तोताराम अग्रवाल सहित गोवर्धन अग्रवाल, संतु, संतोष अग्रवाल, अनूप, सुनील गोयल, विजय अग्रवाल, सुंदर गुप्ता, राहुल, वीणा अग्रवाल, शारदा सिंघानिया, सरला आदि उपस्थित थे।



● महिलाओं को स्वास्थ्य और आपसी मेलजोल की भावना को प्रोत्साहित करने के किया आयोजन

# बेलन-चौका कर लगाई नींबू, सुई-धागा और ड्रेसअप दौड़, नारियल फेंक और बॉल ऑफ द बास्केट गेम खेलकर बचपन को किया याद

**संयुक्त महिला समिति रिसाली के तत्वावधान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने घर का बेलन-चौका कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें म्यूजिकल चेयर, नींबू-चम्मच दौड़, रस्साकशी, चेयर रेस सहित अन्य मनोरंजक खेल शामिल रहे। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही जो सदस्याएं दौड़ने में असमर्थ थी उनके लिए सीटिंग गेम्स भी रखे गए थे। जिसमें खूब एंजाय किया। खेलकूद के दौरान पूरे परिसर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।**

**भिलाई।** खेलकूद का वार्षिक आयोजन महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आपसी मेलजोल और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को समिति की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।संयुक्त महिला समिति प्रगति नगर रिसाली द्वारा अपना वार्षिक खेल दिवस मनाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के खेलों की प्रतियोगिताएं रखी गईं। जिसमें घरेलू महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और सभी गेम्स में खूब इंजाय किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खेल कोच कल्पना स्वामी उपस्थित थीं।



### यह रहे शामिल



कार्यक्रम की शुरुआत में स्वागत भाषण अनुजा अग्रवाल ने दिया और कार्यक्रम का संचालन समिति की उपाध्यक्ष शैल पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महासचिव लतिका राजन, करतार कौर, बबली त्रिपाठी, मधुमिता भौमिक, मधुलिका राजपूत, नीरा लखेरा, सरिता सिंह, वंदना सोनी, सविता चतुर्वेदी, एकता यादव, सुष्मिता रथ उपस्थित रहे।



### परिवार के कामकाज निपटाकर खेल में भाग लेने पहुंची

समिति की अध्यक्ष अनुजा अग्रवाल ने बताया कि हर साल समिति द्वारा अलग अलग थीम पर विभिन्न जागरुकता और सांस्कृतिक आयोजन किये जाते रहते है। इसी क्रम में इस बार सदस्याओं के लिए वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। जहां महिलाओं ने घर परिवार के पूरे कामकाज चूल्हाचौका निपटाकर खेल मे भाग लेने पहुंची। जिस तरह महिलाएं रसोई में गोल रोटी बनाकर और बराबर मात्रा में नमक मसाले का उपयोग कर खाना तैयार करती है ठीक वैसे ही खेल में उन्होंने बराबर सधे कदमों से नींबू दौड़, सुई धागा आदि गेम्स खेलकर अपना बचपन को याद किया और विजेता बने। कुछ सदस्याएं तो पहली बार घर से निकलकर आयोजन में हिस्सा लिया और पूरे आत्मविश्वास से गेम भी जीता।

### हाउजी सहित सभी गेम्स में किया इंजाय

विभिन्न प्रतियोगिताओं में नॉर्मल दौड़ सहित नींबू दौड़, सुईं-धागा दौड़, स्ट्रा रिले दौड़, तीन टांग दौड़, ड्रेसअप दौड़, नारियल फेंक और बॉल को बास्केट में डालने दौड़ आयोजित किये गए। साथ ही दौड़ने में असमर्थ सदस्याओं के लिए बैठकर हाऊजी और अन्य गेम खिलाए गए। इस अवसर पर सभी गेम्स में सदस्याओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी ने खूब मस्ती की।कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि खेल कोच कल्पना स्वामी ने महिलाओं को घर के कामकाज के साथ-साथ खेल कूद में पार्टीसिपेट करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति स्वस्थ और सजग रहने के टिप्स दिये गए।



## सिटी इवेंट

### कटक महोत्सव में गीत वितान कला केन्द्र ने जीते 24 राष्ट्रीय पुरस्कार



- 17वें कटक महोत्सव में शामिल हुए छत्तीसगढ़ के विद्यार्थी
- विजेताओं का हुआ सम्मान

**भिलाई।** गीत वितान कला केन्द्र स्कूल ऑफ परफर्मिंग आर्टस रुआबांधा भिलाई के छात्र, छात्राओं ने 17वीं कटक महोत्सव में 24 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते। इस महोत्सव में अन्य राज्यों से भी आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी थी। उत्कल युवा सांस्कृतिक संघ कटक उड़ीसा द्वारा आयोजित राष्ट्रीय, नृत्य, संगीत, वादन, चित्रकला प्रतियोगिता कला विकास केन्द्र कटक के सभागृह में आयोजित किया गया था। जिसमें गीतवितान केन्द्र ने 24 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते। इस प्रतियोगिता में मणीपुर, पश्चिम बंगाल, आसाम आदि से प्रतिभागी उपस्थित हुए। जहां एकल, युगल और समूह वर्ग गायन में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार, सीनियर वर्ग-गिटार वादन एवं सब जूनियर बांसुरी वादन में प्रथम पुरस्कार एवं चित्रकला सीनियर वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। एकल स्वस्वर कविता पाठ में सीनियर वर्ग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुए।

इस अवसर पर पुरस्कार विवरण समारोह में चेयरपर्सन डॉ. राजश्री महापात्रा, डॉ. रश्मि महापात्रा ओडिसी नृत्यांगना, विजय नन्दा सिंह अध्यक्ष कटक महोत्सव और फेस्टिवल डायरेक्टर शिलादित्य रथ के द्वारा संस्था के विजेताओ को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विशेष रुप से संस्था के संयोजक नृत्यमणी मिथुन दास को राष्ट्रीय संगीत गुरु गौरव सम्मान प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष रजनी सिन्हा, उपाध्यक्ष सोमेन कुन्डु, मुख्य संरक्षक नरेन्द्र कुमार बंछोर, सरसीज घोष और वी के मोहमद ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।




# ईश्वर को जानकर ही कोई जीव माया से पार हो सकता है, इसका अन्य मार्ग नहीं

**भिलाई।** पंचम मूल जगद्गुरु भक्तियोग रसावतार 1008 स्वामी कृपालु महाराज की प्रचारिका श्रीश्वरी देवी के दिव्य दार्शनिक प्रवचन के तीसरे दिवस में श्रीश्वरी देवी ने बताया कि ईश्वर को जानकर ही कोई जीव माया से पार हो सकता है, इसका अन्य कोई मार्ग नहीं है किंतु हम ईश्वर को कैसे जाने? इसके उत्तर में उन्होंने वेदों-शास्त्रों से ढेरों प्रमाण देते हुए यह बताया कि ईश्वर को कोई जान ही नहीं सकता, क्योंकि ईश्वर इंद्रिय, मन एवं बुद्धि से परे है।

हमारी इंद्रिय, मन एवं बुद्धि प्राकृत है और भगवान दिव्य है। इसलिए प्राकृत इंद्रिय, मन एवं बुद्धि दिव्य भगवान को भला कैसे ग्रहण कर सकती है। साथ ही साथ भगवान इंद्रिय, मन एवं बुद्धि के प्रेरक, प्रकाशक, धारक, ज्ञाता और सर्वज्ञ है और हम जीव अल्पज्ञ है, इसलिए भगवान को नहीं जाना जा सकता।

उन्होंने वेद-शास्त्रों से प्रमाण देते हुए यह भी सिद्ध किया कि भगवान को एक गधा भी जान सकता है लेकिन कैसे? जिस पर कृपा हो जाये वही भाग्यशाली है। जीव उस भगवान को जान सकता है। केवल साधन के बल पर हम भगवान को नहीं जान सकते, भगवत्कृपा आवश्यक है लेकिन यह भगवत्कृपा जिसके द्वारा हम भगवान को जान सकते हैं, वह कृपा कैसे प्राप्त होगी, इसका उत्तर चौथे दिवस के प्रवचन में दिया जायेगा।





# पुण्यतिथि पर स्कूली बच्चों को न्यौता भोज कराकर बेहतर शिक्षा के लिए किया प्रेरित

**दुर्ग।** पद्मनाभपुर निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. विनोद चावड़ा की 5वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर स्व. चावड़ा की स्मृति में नवीन प्राथमिक शाला पद्मनाभपुर में न्यौता भोज का आयोजन किया गया। जहां स्कूली बच्चों को न्यौता भोज करवा कर स्व.चावड़ा द्वारा न्यायिक क्षेत्र के अलावा सामाजिक, धार्मिक एवं जनहित में किए गए कार्यों से बच्चों को अवगत कराया गया। तत्पश्चात स्कूली बच्चों को उपहार स्वरुप पाठ्य सामग्रियों का वितरण कर उन्हें बेहतर शिक्षा हासिल कर देश व समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया। यह न्यौता भोज कार्यक्रम स्कूली बच्चों के लिए प्रेरणादायी बना। कार्यक्रम में अधिवक्ता स्व. विनोद चावड़ा को श्रद्धासुमन अर्पित करने उनके पारिवारिक सदस्यों के अलावा उनसे जुड़े गणमान्य नागरिक जुटे और स्व. चावड़ा के कार्यों को याद कर वे भावुक हुए। स्कूली बच्चों को न्यौता भोज में अधिवक्ता स्व. विनोद चावड़ा के भाई दीपक चावड़ा, भरत चावड़ा, बहू भावना चावड़ा, पायल चावड़ा, पूजा चावड़ा, स्कूल की प्रधानपाठिका किरण राजपूत, सरिता बाई सहित सभी शिक्षिकाओं ने आयोजन में सेवा दी।



- वरिष्ठ अधिवक्ता स्व .विनोद चावड़ा के कार्य किए गए याद

## कार्नर न्यूज

आध्यात्मिक ऊर्जा, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के भाव से रहा ओतप्रोत

# राष्ट्रीय एकता की भावना को दृढ़ करता है जंबूरी, पार्क में गूंजा रघुपति राघव राजा राम, सर्वधर्म प्रार्थना के साथ हुआ रोवर-रेंजर प्री जंबूरी का समापन

**दुर्ग।** सशक्त युवा विकसित भारतसी थीम पर भारत स्काउट एवं गाइड, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम रोवर रेंजर प्री जंबूरी का समापन गुरुवार को प्रेरणादायक और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। दादा-दादी नाना-नानी पार्क में आयोजित समापन समारोह में जंबूरी के विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षक शिक्षकों ने स्काउट मूल्यों के अनुरूप सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन कर सर्वधर्म समभाव की भावना को आत्मसात करने का सार्थक प्रयास किया।



### राष्ट्रीय एकता के भाव से ओतप्रोत हुए विद्यार्थी

'रघुपति राघव राजा राम' की सामूहिक प्रस्तुति से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के भाव से ओतप्रोत हो गया। छत्तीसगढ़ की प्रथम रोवर- रेंजर प्री जंबूरी के इस आयोजन की शुरुआत पहले दिन केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जहां प्री जंबूरी बुकलेट का विमोचन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी डिविजनल कमिश्नर रविंद्र कुमार ने की। दूसरे दिन थगड़ा बांध में कैंप क्राफ्ट गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें टेंट पिचिंग, गांठें, प्राथमिक कैंप व्यवस्था एवं बी.पी. सिक्स एक्सरसाइज का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने अनुशासन, सहयोग और आत्मविश्वास के साथ गतिविधियों में भाग लिया। इस पूरे जंबूरी आयोजन में प्रशिक्षक दल के रूप में संजीव कुमार वर्मा, अजय कुमार यादव, प्रभु शंकर, अनुराग चौरसिया, तिजराम चौहान, दानी दास गिरिया, दीपा सर्राफ, रविंदर पाल सेहमी, सोसन लकड़ा, कंचन गुप्ता, अमिता चौधरी, इंदु रानी खाखा, नूपुर मिश्रा, डॉ. सतीश गोठरवाल, शिवराज सिंह राजपूत, डॉ. राखी श्रीवास्तव, रचना पाल एवं डॉ. अजय आर्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।समापन समारोह में दुर्ग महापौर अलका बाघमार उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में महापौर अलका बाघमार, सुनीता बोहरा, डॉ. अजय आर्य, कमल सोनी, नगर निगम परिषद के प्रभारी चंद्राकर एवं संजीव कुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

### समाज और राष्ट्र के लिए जीना सिखाती है स्काउट एंड गाइड

महापौर ने जंबूरी में शामिल विद्यार्थियों से संवाद कर कैंप क्राफ्ट और गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें स्काउट के मूल मंतव्य, सेवा, अनुशासन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व से जुड़े रहने की सीख दी। उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है जो हमें केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए जीना सिखाती है। अंतिम दिन के ध्वजारोहण कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय के सहायक आयुक्त विवेक चौहान भी उपस्थित होकर छात्रों को बी प्रिपेयर के संदेश को जीवन में अपने के लिए कहा। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने जंबूरी को अनुशासन, सेवा, नेतृत्व, राष्ट्रप्रेम और सर्वधर्म समभाव की भावना से ओतप्रोत बताते हुए इसे अपने जीवन का एक स्मरणीय और प्रेरक अनुभव बताया।



सिटी इवेंट

## व्यापारियों ने लोकतंत्र को सशक्त बनाने ली शपथ



**भिलाई।** भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा एक देश-एक चुनाव विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सीए बिल्डिंग सिविक सेंटर में किया गया। महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित थे। महामंत्री अजय भसीन ने एक देश-एक चुनाव की अवधारणा को देशहित में बताते हुए कहा कि इस विषय में सरकार की पहल की हम सराहना करते है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान व्यापारियों के साथ शपथ लेकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने, चुनावी प्रक्रिया में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम करने तथा देश के विकास को गति देने इस व्यवस्था के समर्थन का संकल्प लिया।

- एक देश-एक चुनाव पर भिलाई चेम्बर का जागरुकता कार्यक्रम

भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से प्रशासनिक व्यवस्था, व्यापार और उद्योग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। एक देश-एक चुनाव लागू होने से नीति निर्धारण में स्थिरता आएगी, विकास कार्यों में तेजी होगी तथा व्यापारिक वातावरण को मजबूती मिलेगी। भिलाई चेम्बर के चेयरमैन दिनकर बासोतिया ने कहा कि चेम्बर सदैव राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर जागरूकता अभियान चलाता रहेगा और व्यापारियों को सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम में जेपी गुप्ता, महेश बंसल, मनोहर कृष्णानी, अखराज ओस्तवाल, भूषण अदलखा, प्रेम रतन गहलोत, ओम प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित थे।

सिटी लाइव

## बेंजो के कलाकार मंशा बंजारे को याद कर दी श्रद्धांजलि, अमेरिका में भी बजाया बेंजो

**भिलाई।** दुर्ग जिला के गांव ओटेबंद निवासी कलाकार बेंजोवादक मंशा बंजारे के आकस्मिक निधन पर अगासदिया परिसर में श्रद्धांजलि दी गई। मनसा बंजारे प्रसिद्ध बेंजो वादक थे। पद्मश्री उषा बारले के दल के साथ अमेरिका जाकर उन्होंने बेंजो बजाया। देश के विभिन्न प्रान्तों में मंसा बंजारे ने अपने साथी पवन बंजारे के साथ संगत कर छत्तीसगढ़ के इंद्रधनुषी मंचीय रंग जमाया। 29 दिसंबर 2025 को उनका आकस्मिक निधन हो गया। कलाकारों ने कहा कि लोक मंचीय समाज की बहुत बड़ी क्षती हुई। लोकमया कुम्हारी, लोकधारा कंडरका और आगासदिया परिवार ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अगासदिया के अध्यक्ष डॉ. परदेशीराम वर्मा लोकमया के अध्यक्ष महेश वर्मा एवं लोकधारा के राजेन्द्र साहू सहित बड़ी संख्या में कलाकारों ने एकत्र होकर श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद किया। डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोकमंच में बेन्जों का विशेष महत्व है। मंशा दुर्लभ और विनम्र कलाकार थे। एक गांव से निकलकर वे अमेरिका तक छत्तीसगढ के रंग और स्वर को ले गए। साधनहीन होकर भी मंशा ने कभी शासकीय सहयोग पेंशन के लिए निवेदन नहीं किया। वे स्वाभिमानी कलाकार थे।



सिटी इवेंट

## यातायात नियमों के प्रति जागरुकता लाने पुलिस ने निकाली हेलमेट रैली




**भिलाई।** आयोजन के तहत आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने लगातार जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत गुरुवार को वैशाली नगर और सुपेला थाना क्षेत्र में हेलमेट रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में पुलिस के साथ-साथ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, गणमान्य नागरिक शामिल हुए। रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर, थाना प्रभारी सुपेला, थाना प्रभारी वैशालीनगर स्टाफ सहित उपस्थित थे।

## जिला साहू संघ व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक धनंजय नियुक्त

**भिलाई।** दुर्ग जिला साहू संघ अध्यक्ष नंदलाल साहू ने संघ कार्यालय साहू सदन केलाबाड़ी में अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। उन्होंने समाज के धनंजय लल्लन साहू को जिला साहू संघ के व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया है। समाज ने आशा व्यक्त की है कि वे सामाजिक नियमावली व मान्य परंपराओं को पालन करते हुए सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त संयोजक धनंजय श्रवण बेटा, उत्कृष्ट युवा व कोरोना योद्धा सम्मान से नवाजे जा चुके हैं। वे समाज की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनकी नियुक्ति पर समाज के युवा व व्यापारियों ने हर्ष जताया है।



● सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया गया श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन

# गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा, वेदी पूजन कर श्रीमद्भागवत भागवत ज्ञान सप्ताह की आज से शुरुआत

**भिलाई।** सम्प्रति सेवा समिति और प्रेम नरायण समिति के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 9 जनवरी से 15 जनवरी तक दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में आचार्य संदीप तिवारी द्वारा सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया गया है। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह की शुरुआत से पहले गुरुवार को कथा स्थल राम भद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 से कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान काफी संख्या में महिलाएं शामिल रही। कलश यात्रा में एक दिव्यांग भी कलश लेकर यात्रा शामिल हुई। आयोजन में दिवंगतो की स्मृति में 7 पोथी परिवार जनों दवरा बैठाई गई है।

श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस गुरुवार दोपहर 1 बजे गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं पीले व लाल वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लेकर कथा स्थल से निकलकर हनुमान मंदिर व सड़क 2 अयप्पा मंदिर से विभिन्न चौक-चौराहों से होते हुए वापस कथा स्थल पर पहुंची थी। जिसमें मुख्य यजमान अमित सपना श्रीवास्तव और सुशांत नीलम सिंह द्वारा मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पार्षद विनोद सिंह उपस्थित थे। कलश यात्रा से पहले आचार्य संदीप तिवारी ने कलश की व्याख्या करते हुए महिलाओं को बेहद ऊर्जावान और सशक्त बताया। इसलिए कलश उठाने की अधिकारी केवल महिलाएं ही मानी गई है।





### वैदिक मंत्रोच्चार से होगी शुक्रवार को वेदी स्थापना



कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को विद्वान पंडितों द्वारा सुबह 10 बजे से पूरे विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ बेदी स्थापना कर पूजन किया जायेगा। मुख्य यजमानों की उपस्थिति में दोपहर 1 बजे श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत भागवत की आरती कर की जायेगी। इस दौरान श्रीमद्भागवत कथा कब, क्यों, कैसे व उसके फल का महात्म्य व कलश के संदर्भ में विस्तार से व्याखाया की जायेगी।



### आज होगी इनकी व्याख्या

आचार्य पं संदीप तिवारी ने बताया कि कथा के प्रथम दिवस शुक्रवार को वेदी स्थापना, पोथी पूजन, कथा महात्मय और गौकर्ण की कथा सुनाई जायेगी। दूसरे दिन मंगलाचरण, श्री सुकदेव अवतार, परीक्षित जन्म, सृष्टी विस्तार, हिरण्याक्ष वध, राजा परिक्षित जन्म, कपिल अवतार आदि प्रसंगों का विस्तार पूर्वक व्याख्या की जाएगी। तीसरे दिन कपिल देवहूति संवाद, सती चरित्र, शिव-पार्वती विवाह जड भरत कथा, ध्रुव चरित्र, अजामिल उपाख्यान, गजेन्द्र मोक्ष एवं वामन अवतार, चौथे दिन सूर्य बंश बर्णन, राम जन्म उत्सव चन्द्र वंश वर्णन एवं कृष्ण कृष्ण जन्म उत्सव, पांचवे दिन पूतना वध, सकटा सुर, त्यावर्त वच माखनचोरी लीला, गोवर्धन लीला, छठवें दिन वृन्दावन गमन, मथुरा गमन, कंस वध, उद्धव चरित्र, रुकमणी मंगल और सातवें दिन सुदामा चरित्र, कृष्ण का राधा जी से मिलन, उद्धव शोक, पदवश विनाश, दत्तात्रेय कथा और परीक्षित मोक्ष की व्याख्या झांकियों सहित की जायेगी।

69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता

## कबड्डी में छत्तीसगढ़ प्रथम, राष्ट्रीय स्तर पर दर्ज की बड़ी उपलब्धि



**दुर्ग।** सेक्टर-8 स्थित डीएलडी एनएस विद्यालय ग्राउंड में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर शामिल हुए। इस अवसर पर संभागायुक्त राठौर ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। 69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 जनवरी को हुआ था, जिसका समापन 9 जनवरी को किया जाएगा। अंडर-14 वर्ष बालक वर्ग की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों की टीमों ने भाग लिया।

खेले गए फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ एवं बिहार के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, वहीं तृतीय स्थान के लिए तेलंगाना और हरियाणा की टीमों के बीच रोमांचक मैच खेला गया। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान, बिहार ने द्वितीय स्थान तथा हरियाणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पूरी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग की सहायक संचालक कल्पना व सीमा नायक सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी व विभिन्न राज्यों से पहुंचे प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित थे।



लग रहा है दरबार

## कृष्ण भजनों में झूमे श्रद्धालु, बताया कथा का श्रवण सभी समस्याओं का हल

**भिलाई।** श्रीमद् भागवत कथा के सुनने मात्र से ही जीवन की अनेक समस्याओं का हल निकल आता है। हमें अपने गुरूजनों से कुछ मांगने के स्थान पर उनकी शिक्षा के अनुरूप कार्य करने का प्रयास करना चाहिए। ये बातें पं. नरेन्द्र नयन शास्त्री ने सतनाम भवन, दुर्ग में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पुराण का वाचन करते हुए कही। 4 से 12 जनवरी तक चलने वाले इस भागवत कथा में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक, शालेय शिक्षक तथा गणमान्य नागरिक कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

कथा आयोजन समिति के मुख्य यजमान परीक्षित डॉ. अनिल कश्यप और संजय यादव ने बताया की चावल वाले बाबा के रूप में प्रसिद्ध पं. नरेन्द्र नयन शास्त्री किसी भी व्यक्ति के घर से लाये हुए एक मुट्ठी कच्चे चावल को देखकर भविष्यवाणी करते है। यही कारण है की रोज रात 11 बजे तक भक्तों का दरबार कसारीडीह, दुर्ग स्थित सतनाम भवन में लगा रहता है। वामन अवतार पर सारगर्भित व्याख्या करते हुए पं. शास्त्री ने उसकी प्रासंगिकता को विस्तार से समझाया। भक्तिरस, उल्लास एवं आध्यात्मिक आनंद से सराबोर श्रद्धालुओं को वामन अवतार के विषय में महत्वपूर्ण ज्ञान प्राप्त हुआ। कथा के दौरान भगवान कृष्ण के भजनों को पं. शास्त्री एवं उनकी टीम द्वारा दी जा रही प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालु आध्यात्म भक्ति भाव में झूमते दिखाई दे रहे है।

कथा के अगले चरण में राज जन्म कथा तथा कृष्ण जन्म, श्रीकृष्ण लीला, गोवर्धन लीला एवं छप्पन भोग, बैकुठ दर्शन तथा रूकमणी विवाह, द्वारिका दर्शन, सुदामा चरित्र, कृष्ण उधव संवाद, फुलो की होली एवं अंतिम दिन तुलसी वर्षा सहस्त्रधारा, हवन तथा ब्राम्हण भोज आदि का आयोजन किया जायेगा। आयोजन में नर्मदेश्वर महादेव समिति दुर्ग के सदस्य डॉ. अनुपमा कश्यप, डॉ. अभिनेष सुराना, वंदना यादव, रोशन देशमुख, टीकम यादव, अशोक यादव, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ. हरीश कश्यप, डॉ. शशि कश्यप, डॉ. अनिल मिश्रा, डॉ. अलका मिश्रा, डॉ. के. पद्मावती शैल तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



12 जनवरी तक चलेगा आयोजन

जीवन में कितना भी धन-संग्रह कर लो, अंत में निधन ही होता

कार्नर न्यूज

## आर्य समाज का वार्षिक उत्सव शुरू, श्रद्धा, अनुशासन और वैदिक चेतना से रहा ओतप्रोत पूरा वातावरण, 11 को पूर्णाहुति

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में चार दिवसीय वार्षिक उत्सव की शुरुआत वैदिक परंपराओं के अनुरूप सत्संग, ऋग्वेद पारायण महायज्ञ एवं सुमधुर भजनों के साथ हुई। 8 से 11 जनवरी तक चलने वाले इस आयोजन के पहले दिन मंदिर परिसर श्रद्धा, अनुशासन और वैदिक चेतना से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ गुरुवार शाम को सियान सदन, नेहरू नगर से किया गया। उत्सव में यज्ञ ब्रह्मा के रूप में आगरा से भिलाई पहुंचे आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ संपन्न कराया। अपने प्रवचन में उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल कर्मकांड नहीं, बल्कि मानव जीवन को शुद्ध करने, समाज में सद्भाव स्थापित करने और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने मानवता, सत्य और परोपकार को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया।



### जीवन का उद्देश्य धन नहीं, बल्कि धर्म, सेवा और सदाचार हो

आज के सत्संग में वैदिक विद्वान डॉ. अजय आर्य ने जीवन की नश्वरता पर प्रभावशाली विचार रखते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में कितना भी धन-संग्रह क्यों न कर ले, अंततः उसे इस संसार से विदा होना ही पड़ता है। इसलिए जीवन का वास्तविक उद्देश्य धन नहीं, बल्कि धर्म, सेवा और सदाचार होना चाहिए। उनके विचारों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आत्ममंथन के लिए प्रेरित किया।





### दी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति

इस अवसर पर दिल्ली से आए भजन उपदेशक कंचन कुमार ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं गुरुकुल आश्रम आमसेना से पधारी वेदपाठी ब्रह्मचारिणियों द्वारा वैदिक मंत्रपाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान धर्माचार्य पं. अंकित शर्मा की भी उपस्थिति रही।

आज आयोजित यज्ञ में प्रधान अवनी भूषण पूरंग, उपप्रधान रवि आर्य, मंत्री प्रवीण गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष अरुण ग्रोवर सहित समाजजनों ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की।

उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन सुबह महायज्ञ, दिन में सत्संग-प्रवचन तथा सायंकाल भजन एवं वैदिक विचारों का आयोजन किया जा रहा है। उत्सव का समापन रविवार को पूर्णाहुति, प्रवचन, आर्य वीर दल के शक्ति प्रदर्शन एवं ऋषि लंगर के साथ किया जाएगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रविवि ने 25 साल बाद ऑल इंडिया फुटबॉल के लिए किया क्वालीफाई



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की फुटबॉल टीम ने दक्षिण पूर्व क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने असाधारण प्रदर्शन से नया इतिहास रच दिया है। विश्वविद्यालय की टीम ने 25 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी फुटबॉल टूर्नामेंट' के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

अंतिम मुकाबले में मंगलौर यूनिवर्सिटी को दी मात अपने सबसे महत्वपूर्ण और निर्णायक मैच में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का मुकाबला बेंगलुरु यूनिवर्सिटी से हुआ। इस रोमांचक मैच में रायपुर की टीम ने 5-2 के बड़े अंतर से जीत हासिल की। मैच के हीरो नितेश लकड़ा और नील भूषण रहे, जिन्होंने 2-2 गोल दागकर टीम की जीत पक्की की। वहीं सौरभ विश्वकर्मा ने 1 गोल कर टीम के स्कोर को 5 तक पहुँचाया। एक अन्य क्वालीफाइंग मैच में टीम ने मंगलौर यूनिवर्सिटी को भी 5-2 से पराजित किया था। पूरी प्रतियोगिता के दौरान टीम ने एक भी मैच नहीं हारा और अपने प्रतिद्वंद्वियों पर पूरी तरह हावी रही। प्रथम मैच में कर्नाटक यूनिवर्सिटी को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी को 3-1 से मात दी। तृतीय मैच में के.एल.ई. यूनिवर्सिटी बैंगलोर को 2-0 से पराजित किया। चौथे मैच में जवाहरलाल नेहरू टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी को 6-0 के विशाल अंतर से हराया। 25 साल बाद मिली इस बड़ी सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलपति, खेल विभाग के प्रमुख, कोच और छात्रों में खुशी की लहर है। इस जीत के साथ ही टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह पक्की कर ली है, जहाँ वे अब छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने खिलाड़ियों के इस शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के मैचों के लिए शुभकामनाएँ दी हैं।

### छत्तीसगढ़ की जीत, यति के 84 और गीत के 64 रन





**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से वुमेंस अंडर-15 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट 2026 का आयोजन 02 जनवरी से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच गुरुवार को इंदौर में पुडुच्चेरी अंडर-15 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर 15 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पुडुच्चेरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 35 ओवरों में 3 विकेट खोकर 182 रन बनाए। पुडुच्चेरी की शुरुआत अच्छी रही, उनके प्रारंभिक बल्लेबाज हंसिका ने नाबाद 59 रन तथा गौधना ने 45 रन बनाए तथा पहले विकेट के लिये 68 रनों की साझेदारी की। उनके अतिरिक्त शिवानी ने 31 रन तथा अंजुम ने नाबाद 22 रन बनाए।

छत्तीसगढ़ अंडर-15 टीम के सभी गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया तथा पुडुच्चेरी के बल्लेबाजो को रन बनाने से रोके रखा। छत्तीसगढ़ की ओर से श्रिया पांडे, गायत्री बाई तथा संतोषी बाई ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ अंडर-15 की टीम ने 23.1 ओवर में केवल 1 विकेट खोकर 184 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी करते हुये तेज गति से रन बनाये तथा अपना विकेट बचा के रखा। यति शर्मा ने 55 गेंदों में 16 चौकों तथा 1 छक्के की मदद से 84 रन बनाए, साथ ही गीत डहरिया ने 65 गेंदों में 8 चौकों तथा 1 छक्के की मदद से 64 रनों का योगदान दिया। पुडुच्चेरी की ओर से अंजुम ने 1 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 9 विकेट से जीत लिया।

### अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट आज से

**भिलाई।** बीएसपी की इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग द्वारा आयोजित अंतर अनुभागीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10-10 ओवर की खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में 6 अनुभाग की टीम में भाग लेंगे जिन्हें दो पुल में विभाजित किया गया है। पुल ए में एसएमएस-3 वे ब्रिज की संयुक्त टीम, रोलिंग मिल एवं सिंटर प्लांट-3 एवं एसएमएस-2 व प्लेट मिल की टीम शामिल है,ग्रुप बी में कोक ओवन एफएमजी, ब्लास्ट फर्नेस ऑल टोस एवं पीबीएस लैब की टीम शामिल है। इससे प्रतियोगिता को सफल बनाने मुख्य संरक्षक बी मधु पिल्ले जी एम इंचार्ज, संरक्षक गौतम कुंडू प्रेसिडेंट, एम डैनी, आशुतोष शुक्ला, अनिल मिश्रा, सचिव राणा प्रताप सिंह उपसचिव अश्विनी कुमार द्विवेदी, कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा और डिप्टी कोषाध्यक्ष ए एस रेड्डी तथा कार्यकारिणी में जमील अहमद एवं टीवीएन राव शामिल है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 9 जनवरी को दोपहर बाद 3:00 बजे किया जाएगा।

## स्ट्रेस हार्मोन को नियंत्रित रखना हमारी बड़ी जवाबदारी

# शरीर में स्ट्रेस हार्मोन बढ़ने का मिल जाता है संकेत जानिए इसके नुकसान और नियंत्रित करने के उपाय

मेडिकल साइंस कहता है, हमारे शरीर में होने वाली सारी गतिविधियों के पीछे किसी न किसी हार्मोन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सोने से लेकर, भूख लगने तक सभी इच्छाएं इन्हीं हार्मोन्स द्वारा संचालित होती हैं। इस दौड़ती-भागती दुनिया में तनाव होना, चिंता बढ़ना या फिर कई अन्य मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं। क्या आप जानते हैं कि इसके पीछे भी एक महत्वपूर्ण हार्मोन काम करता है? अक्सर हम तनाव और चिंता से खुद को ग्रस्त महसूस करते हैं, असल में ये स्थितियां स्ट्रेस हार्मोन के बढ़ने के कारण होती हैं। स्ट्रेस हार्मोन को 'कोर्टिसोल' के नाम से भी जाना जाता है। शरीर में इस हार्मोन का स्तर बढ़ने से हमें अधिक तनाव महसूस हो सकता है, मांसपेशियों में तनाव और हृदय संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोर्टिसोल सिर्फ तनाव को ही नहीं बढ़ाता है, शरीर में इसके कई अन्य महत्वपूर्ण कार्य भी होते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लंबे समय तक शरीर में कोर्टिसोल का बढ़ा हुआ स्तर कई प्रकार की समस्याओं का कारक हो सकता है, पर कैसे जानें कि आप भी हाई कोर्टिसोल के शिकार हैं? इसके लिए कुछ लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है।



### क्या कहती हैं विशेषज्ञ?

साइकोलॉजिस्ट कैरोलीन मिडल्सडोर्फ ने सोशल मीडिया पर बताया कि शरीर में स्ट्रेस हार्मोन के बढ़े हुए स्तर के संकेतों की किस प्रकार से पहचान की जा सकती है? मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहती हैं, इस हार्मोन का बढ़ना शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, दोनों को प्रभावित करने वाला हो सकता है। कोर्टिसोल एक स्टेरॉयड हार्मोन है जो एड्रनल ग्रंथियों द्वारा निर्मित होता है। जब आप तनावग्रस्त होते हैं, तो आपके रक्तप्रवाह में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ने लगता है जिसके कारण कई प्रकार की शारीरिक समस्याएं भी हो सकती हैं।

### नींद में कमी

हमें कभी-कभी सोने में कठिनाई महसूस हो सकती है। नींद की गुणवत्ता और अवधि में कमी के कारण पूरे दिन शरीर और दिमाग थका हुआ महसूस कर सकता है। पर अगर आपको अक्सर ही नींद न आने की समस्या महसूस होती रहती है तो ये संकेत हो सकता है कि आप अधिक तनाव ले रहे हैं या फिर शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ा हुआ है। नींद न आने की इस दिक्कत के कारण कई प्रकार की और भी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ने लगता है।

### गड़बड़ हो सकता है पाचन

अक्सर पाचन की समस्याओं को खान-पान में गड़बड़ी से जोड़कर देखा जाता है। पर अगर आप स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन कर रहे हैं फिर भी कब्ज, पेट में दर्द, शौच या पाचन की अन्य समस्याएं बनी रहती हैं तो ये संकेत हो सकता है कि कोर्टिसोल का स्तर बढ़ा हुआ है। इस हार्मोन का बढ़ना आपके भोजन के पाचन और इसके मेटाबॉलिज्म को भी प्रभावित कर सकता है जिसके कारण पेट की विकारों का आपको अनुभव हो सकता है।

### वजन बढ़ना या कम होना

स्वस्थ आहार और वर्कआउट रूटीन का ध्यान



रखकर आप वजन को कंट्रोल रख सकते हैं। पर अगर आपको कुछ समय से वजन बढ़ने या कम होने जैसी समस्याओं का अनुभव हो रहा है, वजन को नियंत्रित करने में कठिनाई हो रही है या फिर शरीर का वजन घटता-बढ़ता रहता है तो इसे भी कोर्टिसोल के स्तर में वृद्धि से संबंधित समस्या के तौर पर देखा जाता है। ये हार्मोन चूंकि आपके मेटाबॉलिज्म को प्रभावित करने लगता है इसलिए आपको वजन से संबंधित दिक्कतें हो सकती हैं।

# सस्ते दाम पर खरीदें जंक ज्वेलरी

शॉपिंग करना हर किसी को पसंद होता है। खासकर लड़कियों को वो बिना फेस्टिव या शादी सीजन के भी शॉपिंग कर लेती हैं। उन्हें मार्केट से हर सामान खरीदने में मजा आता है। कई बार ऐसा होता है कि वो खरीदने कुछ और जाती हैं। उसकी जगह पर और भी ढेर सारे सामान ले आती हैं। लेकिन उन सामानों में सबसे ज्यादा होती हैं ज्वेलरी। ऐसे में अगर आप जंक ज्वेलरी का शौक रखती हैं तो इसके लिए दिल्ली की मार्केट को एक्सपलोर कर सकती हैं। यहां पर आपको लेटेस्ट डिजाइन की जंक ज्वेलरी मिल जाएगी। जिसे वियर करके आप फैशन ट्रेंड में कुछ नया एड कर सकती हैं।

दिल्ली की सबसे फेमस मार्केट में से एक है दिल्ली की जनपथ मार्केट। इसमें आपको कम दाम में अच्छे डिजाइन वाली जंक ज्वेलरी मिल जाएगी। जिसे आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। इसी वजह से इस मार्केट को घूमने के लिए बहुत दूर-दूर से लोग आते हैं और अपने लिए फैशन ट्रेंड के हिसाब से सामान खरीदकर जाते हैं। आप चाहे तो यहां से जंक ज्वेलरी सेट खरीद सकती हैं जिसे आप साड़ी या सूट के साथ वियर कर सकती हैं वरना आपको यहां पर इयररिंग्स के भी बहुत अच्छे डिजाइन मिल जाएंगे। इसके अलावा पायल, बिछिया और रिंग के डिजाइन भी देखने को मिलेंगे। यहां पर इनकी शुरूआत 100 रुपये से होती है और 500 रुपये तक जाती है।

अगर आप वेस्ट दिल्ली की तरफ ट्रेवल कर रही हैं तो वहां की करोल बाग मार्केट को एक्सपलोर कर सकती हैं। इस मार्केट (शॉपिंग करने के लिए टिप्स) में आपको अच्छी जंक ज्वेलरी मिलती है। कहने में तो ये एक्सपेंसिव मार्केट हैं लेकिन फड पर बैठे लोगों के पास आप सस्त दाम में अच्छी ज्वेलरी खरीद सकती हैं, जिसकी शुरूआत 100 से होकर



250 तक जाती है। इनके पास आपको सेट, इयररिंग्स, बैंगलस और रिंग मिल जाएगी।

डीयू कॉलेज के पास होने की वजह से इस मार्केट में आपको यंग्सटर्स की भीड़ सबसे ज्यादा देखने को मिलेंगी। ज्यादातर लड़कियां इस मार्केट से ज्वेलरी खरीदने (ऑनलाइन शॉपिंग करने के टिप्स) ही आती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मार्केट में जंक ज्वेलरी की काफी अच्छी कलेक्शन मिल जाती है। इसमें आपको दुकानों पर भी ये ज्वेलरी देखने को मिल जाएगी। वरना पटरी पर बैठे लोग भी इसे बेचते हुए नजर आ जाएगे। यहां से आप 100 से लेकर 500 रुपये में अच्छी जंक ज्वेलरी ले सकती हैं और आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

# सुबह की शुरूआत करें लजीज नाश्ते के साथ



सुबह का वक्त हर किसी के लिए काफी अहम होता है। ऐसा कहा जाता है कि जैसा मूड आपका सुबह के वक्त होता है, उसी पर आपका पूरा दिन निर्भर करता है। ऐसे में लोग सुबह के वक्त अच्छी आदतों को फॉलो करते हैं। बात करें सुबह के नाश्ते की तो ये कहा जाता है कि सुबह के वक्त अच्छे से नाश्ता करना चाहिए। इससे ना सिर्फ दिन भर पेट भरा रहता है, साथ ही में शरीर स्वस्थ भी रहता है लेकिन स्कूल, कॉलेज, ऑफिस या किसी अन्य काम पर जाने वालों के पास इतना समय नहीं होता कि वो अच्छे से नाश्ता कर पाएं। ऐसे में लोगों को हेल्दी नाश्ता करने की सलाह दी जाती है। अक्सर लोगों को ये समझ नहीं आता कि वो नाश्ते में ऐसा क्या बनाएं, जो जल्दी बन भी जाए और हेल्दी भी हो। ऐसे में आज के लेख में हम आपको नाश्ते के कुछ ऐसे ही विकल्प बताने जा रहे हैं, जो आपके लिए काफी सही साबित हो सकते हैं।

**पोहा:** ये एक ऐसा विकल्प है, जिसे बनाना बेहद आसान है। नमकीन डालकर आप पोहा खा सकते हैं। अगर आपको सादा पोहा पसंद है तो ये भी एक बेहतर विकल्प है। बच्चों से लेकर बड़ों तक को ये पसंद आता है।

**मूंग दाल का चीला:** आप अपनी पसंदीदा मसालों और सब्जियों के साथ कम समय में मूंग दाल का चीला आसानी से तैयार कर सकते हैं। हरे धनिए की चटनी के साथ ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है।

**डोसा:** साउथ इंडिया के साथ-साथ पूरे देश में डोसा काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। ये नारियल की चटनी के साथ नाश्ते में परोसा जाता है। डोसा बेहद कम तेल में बनता है, ऐसे में ये एक हेल्दी विकल्प है।



# इन बैड हैबिट्स के कारण कहीं चली ना जाए आपकी नौकरी

एक अच्छी जॉब मिलने के बाद अगर वह किसी कारणवश चली जाती है तो हमें बेहद दुख होता है। हालांकि, कई बार हमारी बैड हैबिट्स के कारण ही हमें जॉब से हाथ धोना पड़ सकता है। कहते हैं कि दुनिया में कोई भी इंसान परफेक्ट नहीं होता है। हम सभी में बुरी आदतें होती हैं। कभी ना कभी उन बुरी आदतों के कारण हमें नुकसान भी उठाना पड़ता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि अगर आपकी बुरी आदतों का असर आपके काम या जॉब पर पड़ने लगे हो। जी हां, कई बार ऐसा भी होता है कि हमारी बुरी आदतों के चलते हमारी जॉब ही चली जाती है। दरअसल, ये बुरी आदतें हमें वर्कप्लेस पर अनप्रोफेशनल बना देती हैं। जिससे आपका बैड इंप्रेशन पड़ता है और जब भी मंदी का दौर आता है या फिर कंपनी को आपसे बेहतर दूसरा कोई कैंडीडेट मिलता है तो वे तुरंत आपको फायर कर देते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसी ही कुछ बैड हैबिट्स के बारे में बता रहे हैं, जो आपके करियर पर नेगेटिव असर डाल सकती हैं और इससे आपकी जॉब तक जा सकती है-



### टालमटोल करना

हम सभी किसी न किसी हद तक ऐसा करते ही हैं। कई बार हम अपने काम को लेकर टालमटोल करते हैं। हो सकता है कि आपको सच में कोई समस्या हो और इसलिए आप समय पर अपना काम खत्म ना कर पा रहे हों। लेकिन अगर आप लंबे समय से ऐसा ही कर रहे हैं और इसकी वजह से आपका आउटपुट और परफार्मेंस इफेक्ट हो रहा है तो आपको थोड़ा सतर्क हो जाना चाहिए। आपको यह समझना चाहिए कि कंपनी वर्क परफार्मेंस पर ध्यान देती है। अगर आप टारगेट्स को पूरा नहीं कर पा रहे हैं तो वह आपको जॉब से फायर भी कर सकती है।

### हर वक्त नेगेटिव रहना

हर कंपनी में कोई ना कोई प्रोब्लम जरूर होती है। हो सकता है कि आप शायद अपने ऑफिस के वर्क कल्चर से बहुत अधिक संतुष्ट ना हों या फिर अपने सहकर्मियों को लेकर आपको शिकायत हो। लेकिन ऐसे में हर समय शिकायत करते रहना अच्छा नहीं माना जाता है। जब आप ऑफिस में हर समय नेगेटिव रहते हैं और हर वक्त शिकायत करते रहते हैं। जिससे आपकी प्रोफेशनल इमेज पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कई बार इसके कारण आपकी जॉब पर भी खतरा मंडराता है।

### बहुत अधिक छुट्टियां लेना

अक्सर हम सभी अपने पर्सनल कामों के चलते ऑफिस से छुट्टी लेते हैं। कभी-कभार हम सभी ऐसा करते ही हैं। लेकिन अगर आप बहुत अधिक दिनों तक छुट्टी पर रहते हैं या फिर हर कुछ दिन में छुट्टी पर चले जाते हैं तो इससे ऑफिस का काम इफेक्ट होता है। कई बार आपकी बार-बार अनुपस्थिति के कारण आपकी जॉब भी चली जाती है। इसलिए, आपको बार-बार या फिर बिना बताए छुट्टियां करने से बचना चाहिए।



## कार्नर न्यूज

## अपनी सेहत को दुरुस्त रखने डाइट में शामिल करें ये अनाज, दिखने लगेगा बदलाव

# अब गेंहू और चावल ही नहीं वैकल्पिक अनाज भी बन रहे हैं तंदरुस्ती का सबब, इन्हें जरूर अपनाएं

गेहूं की रोटियां तो घर भारतीय घर में खाई जाती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कई ऐसे अनाज हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इन अनाजों को डाइट में शामिल कर आप कई लाभ पा सकती हैं। हेल्दी रहने के लिए आजकल लोग फैंसी डाइट ट्रेंड्स को फॉलो करने लगे हैं। लेकिन असल में सेहतमंद रहने का राज खान-पान की पुरानी पध्दति में भी छिपा है। अनाज हमारी डाइट का अहम हिस्सा है और शरीर को ताकत देने के साथ बॉडी की न्यूट्रिशनल जरूरतों को पूरा करने के लिए कई अनाज हमारे के लिए जरूरी हैं। गेहूं की रोटियां तो घर भारतीय घर में खाई जाती हैं। लेकिन इसके अलावा भी कई ऐसे अनाज हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इन अनाजों को डाइट में शामिल कर आप कई लाभ पा सकती हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसे ही अनाजों के बारे में बता रहे हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं और जिन्हें 2024 में आपको डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

### हेल्दी रहने में मदद करेगा राजगिरा का आटा

राजगिरा या अमरनाथ का आटा भी



सेहत के लिए अच्छा होता है। आपको इसे 2024 में डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। यह आटा मोटापा कम करने, डायबिटीज कंट्रोल करने समेत कई चीजों में फायदेमंद होता है। इसमें प्रोटीन, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन ई समेत कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें फाइबर की मात्रा सबसे अधिक होती है। जिस वजह से यह कब्ज के लिए सबसे अच्छा माना जाता है। इसमें कार्ब्स की भी अच्छी मात्रा होती है। इसे नाश्ते में शामिल करना आपके लिए बेस्ट रहेगा। इससे शरीर को एनर्जी मिलेगी और दिन की शुरुआत के लिए यह बेस्ट है।

### सेहतमंद रहने के लिए खाएं जौ

जौ सेहत के लिए अच्छा होता है। इसकी गिनती मोटे अनाजों में की जाती है। यह विटामिन्स, मिनरल्स और फाइबर से भरपूर होता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत कम होता है। जिसकी वजह से शुगर पेशेंट्स के लिए इसे बहुत अच्छा माना जाता है। यह डाइजेशन के लिए बहुत अच्छा होता है और इसमें फाइबर की अधिकता के कारण, यह वेट लॉस के लिए अच्छा ऑप्शन है। इसे डाइट में शामिल कर आप सेहत से जुड़े लाभ पाने के साथ आसानी से वजन कम कर सकती हैं। यह कोलेस्ट्रॉल लेवल को मैनेज करने में मदद करता है और दिल की सेहत के लिए अच्छा होता है।



### गुणों से भरपूर है कुट्टू आटा

कुट्टू के आटे को आमतौर पर भारतीय घरों में व्रत के खाने में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसे नॉर्मल डाइट में शामिल करना भी सेहत के लिए काफी अच्छा रहेगा। यह एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर होता है। इसमें विटामिन्स, मिनरल्स और भी कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। आयरन, फोलेट, कॉपर, जिंक समेत कई जरूरी न्यूट्रिएंट्स से भरपूर यह आटा वेट लॉस के लिए भी बेस्ट है। यह हार्ट हेल्थ, डायबिटीज और हड्डियों के लिए बहुत अच्छा है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एवेंजर्स डूम्सडे' का टीजर जारी, एक्स-मेन की हुई एंट्री



मार्वल स्टूडियोज ने 'एवेंजर्स डूम्सडे' का एक नया एक मिनट का टीजर जारी किया है। इसमें चार्ल्स जेवियर (पैट्रिक स्टीवर्ट) और उनके पुराने दुश्मन मैग्नेटो (इयान मैकेलेन) शतरंज खेलते हुए फिर से मिलते दिखाई देते हैं। मैग्नेटो अपनी गहरी आवाज में कहते हैं, 'मौत सबके लिए आती है। यह एक ऐसी चीज है जो मुझे पक्के तौर पर पता है। सवाल यह नहीं है कि 'क्या आप मरने के लिए तैयार हैं?' सवाल यह है कि 'जब आप आंखें बंद करेंगे, तो आप कौन होंगे?' इसके बाद जेम्स मार्सडेन का साइक्लोप्स अपना विजर हटाते हुए दिखता है और अपनी आंखों से लाल किरणें छोड़ता है। ये तीनों कलाकार साल 2000 की फिल्म 'एक्स-मेन' से साथ आए थे। यह 'एवेंजर्स डूम्सडे' का चौथा टीजर है, जो एक्स-मेन थीम पर बना है। इससे पहले के टीजर में क्रिस हेम्सवर्थ थोर के रूप में और क्रिस इवांस स्टीव रोजर्स के रूप में दिखे थे। यह टीजर सिनेमाघरों में 'अवतारः फायर एंड ऐश' फिल्म के साथ दिखाए जा रहे हैं। 'एवेंजर्स डूम्सडे'' 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होगी। यह क्रिसमस की बड़ी फिल्म होगी।

### टॉलीवुड

## सामंथा की नई तेलुगु फिल्म का पहला पोस्टर रिलीज, एक्शन अंदाज में दिखीं



साउथ एक्ट्रेस सामंथा ने 'सिटाडेल हनी बनी' और 'फैमिली मैन 2' जैसी एक्शन सीरीज कीं। अब एक तेलुगु फिल्म में उनका एक्शन अंदाज दर्शकों को देखने को मिलेगा। हाल ही में उनकी अपकमिंग फिल्म का पहला पोस्टर सामने आया है। साउथ एक्ट्रेस सामंथा की आने वाली तेलुगु फिल्म 'मां इनति बंगारम' है। इस फिल्म को उनके पति और प्रोड्यूसर राज निदिमोरु ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म की निर्देशक नंदिनी रेड्डी हैं। सामंथा की इस फिल्म का पहला पोस्टर लुक अभ सामने आया है। तेलुगु फिल्म 'मां इनति बंगारम' के पोस्टर में सामंथा ने साड़ी पहनी है। उनका किरदार गुस्से में नजर आ रहा है। वह बिल्कुल एक्शन मोड में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस के इस लुक पर उनके फैंस ने भी रिएक्शन दिया और उनको सराहा है। फिल्म 'मां इनति बंगारम' के पोस्टर रिलीज के साथ ही मेकर्स ने इसके टीजर, ट्रेलर की तारीख भी शेयर की है। इस फिल्म का टीजर दर्शकों को 9 जनवरी को देखने को मिलेगा। इसके रिलीज का समय भी बताया गया है। 9 जनवरी को सुबह दस बजे फिल्म 'मां इनति बंगारम' का टीजर सामंथा के फैंस देख पाएंगे। सिटाडेल हनी बनी' और 'फैमिली मैन 2' जैसी हिट वेब सीरीज करने के बाद सामंथा एक और वेब सीरीज का हिस्सा बनी हैं। इस वेब सीरीज को भी राज निदिमोरु प्रोड्यूस कर रहे हैं। सीरीज का नाम 'रक्त ब्रह्मांड' है। यह एक एक्शन सीरीज होगी।

### बॉलीवुड

## भिलाई के शिराज की थ्रिलर मूवी 'द एम्प्टी रूम' से वापसी कर रहे 'जूली' फेम विक्रम




एक दौर में फिल्म ₹जूली₹ से चर्चा में रहे वरिष्ठ अभिनेता विक्रम मकंदर जल्द ही शिराज हेनरी निर्देशित थ्रिलर ड्रामा 'द एम्प्टी रूम' के साथ स्क्रीन पर वापसी कर रहे हैं। विक्रम को ₹जूली₹ में आइकॉनिक रोल और सदाबहार क्लासिक ₹दिल क्या करे₹ के लिए सबसे ज़्यादा याद किया जाता है। निर्देशक शिराज हेनरी भिलाई निवासी हैं और विगत तीन दशक से बॉलीवुड में सक्रिय हैं। शिराज हेनरी द्वारा निर्देशित फिल्म 'द एम्प्टी रूम' 90 मिनट की एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर है जो ज़बरदस्त कहानी और हाई इमोशनल इंटेंसिटी का वादा करती है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने वाली है और इसे खास तौर पर डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए बनाया जा रहा है। शिराज हेनरी ने बताया कि इस फिल्म के वर्ल्डवाइड डिजिटल प्रीमियर की योजना है। इस प्रोजेक्ट में एक खास म्यूजिकल फ्लेवर जोड़ते हुए, फिल्म का टाइटल ट्रैक नागालैंड के एक टैलेंटेड कलाकार एन.के. नागा गाएंगे, , जो फिल्म में एक ताज़ा और अनोखी आवाज़ ला रहे हैं। यह प्रोजेक्ट कंटेंट किंग्स द्वारा प्रस्तुत किया गया है और रेबेका चांगकिजा सेमा द्वारा निर्मित है। गौरतलब है कि कंटेंट किंग्स डिजिटल फिल्म मेकिंग में एक दमदार ताकत के रूप में उभरा है, जिसने पिछले दो सालों में 15 से ज़्यादा फिल्में बनाई और शूट की हैं। कंपनी ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के लिए 101 फिल्में बनाने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसमें अपने कंटेंट का स्थायी मालिकाना हक बनाए रखते हुए नॉन-एक्सक्लूसिव राइट्स बेचने का एक स्ट्रेटेजिक मॉडल अपनाया गया है। एक ज़बरदस्त कास्ट, एक अनुभवी डायरेक्टर और एक मज़बूत डिजिटल-फर्स्ट विज़न के साथ, 'द एम्प्टी रूम' हाई-क्वालिटी डिजिटल थ्रिलर की बढ़ती दुनिया में एक खास जगह बनाने के लिए तैयार है।

### लाइफ स्टाइल



2026 की उम्मीदें

जाने माने डिजाइनर मैथ्यू ब्लेज़ी के डेब्यू कलेक्शन के अनुसार, 2026 के फैशन में कमर का साइज़ कम हो जाएगा, खासकर ढीले और स्लिंकी कपड़े लोग पसंद करेंगे। मैथ्यू का मानना है कि क्लासिक शर्टिंग इंडस्ट्री पर अपनी पकड़ बनाए रखेगी और स्कर्ट सूट वार्डरोब में अपनी जगह बना लेंगे। हालांकि अब 2026 शुरू हो चुका है और माना जा रहा है कि फैशन तो बदलेगा साथ ही स्टाइल और भी बदलेगी।

## अब नहीं गिरेगा सिर पर से पल्लू, जब आप ट्राई करेंगी ये हैक्स

अगर आपके घर में भी बड़ों से पल्ला किया जाता है तो ये हैक्स आपको ट्राई करना चाहिए। आज भी कई घर ऐसे हें जहां पर बहुएं अपने बड़ों से पल्ला करती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ये पहले से चली आ रही प्रथा जो है। इसे करना जरूरी होता है लेकिन कई बार साड़ी के फेब्रिक ऐसे आते हैं जिसमें सिर पर पल्लू टिकाना थोड़ा सा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जरूरी है कि आप सही टिप्स को फॉलो करें। इससे आपका सिर पर पल्लू आसानी से टिक जाएगा साथ ही आपको बार-बार की के समय परेशान होने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।

### पल्लू को टिकाने का तरीका

इसके लिए सबसे पहले आपको लंबा पल्ला प्लीट करके लेना है। फिर इसे सिर पर लगाना है। लेकिन इसके लिए आपको आगे की तरफ थोड़ा सा लंबा पल्ला लेना है। इसके बाद इसे फोल्ड करना है और टिकटॉक पिन से सेट करना है। अब उसी पल्ली को पीछे करना है लेकिन फोल्ड करके। इस तरीके से आपका पल्लू आसानी से आपके सिर पर टिक जाएगा। साथ ही आप इसके बाद किसी भी तरह की साड़ी आसानी से पहन पाएगी।

### पल्लू को पिन से करें सेट

अगर आपका पल्लू ज्यादा गिरता है तो इसे आप अपने बन के ऊपर पिन (वर्किंग वूमन के लिए हैक्स) की मदद से सेट कर सकते हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले पल्लू को जुड़े पर रखना है फिर बॉबी पिन की मदद से सेट करना है। फिर आप चाहे तो इसे सिक्योर करने के लिए और बॉबी पिन लगाएं। इस तरीके से आपका पल्ला सिर पर



सेट हो जाएगा और वो गिरेगा भी नहीं।

### इन बातों का रखें ध्यान

अगर आपकी साड़ी पतले कपड़े में है तो आप पल्लू सेट करने के लिए (फैशन हैक्स) इनविजिबल पिन का इस्तेमाल करें। इस बात का ध्यान रखें की जिस पिन से आप पल्लू सेट कर रही हैं वो साड़ी को खराब न करें। पल्ला थोड़ा लंबा लें ताकि सिर पर सेट करने में कोई दिक्कत न हो। कभी भी हैवी बॉर्डर वाली साड़ी न लें वरना पल्ला सेट होने में दिक्कत होगी।इन बातों का ध्यान रखेंगी तो आप अपने पल्ले को अच्छे से सेट कर पाएंगी साथ ही आपके काम भी आसानी से हो जाएंगे।

## डेनिम जैकेट में दिखना है बेहद स्टाइलिश, तो फॉलों करें ये टिप्स



बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए हम अक्सर अपने वॉर्डरोब को अपडेट करते हैं ताकि स्टाइलिश लग सके। लेकिन स्टाइलिश लगना इतना भी आसान नहीं होता है। इसके लिए जरूरी है कि आप सही टिप्स का ध्यान रखें ताकि आप जब भी कुछ वियर करें तो वो पहनने के बाद आपके ऊपर अच्छा लगे। डेनिम जैकेट को भी अलग-अलग तरीके से वियर कर सकती हैं और खूबसूरत दिख सकती हैं।



### साड़ी के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट

साड़ी के साथ जरूरी नहीं की आप लॉन्ग कोट या फिर कार्डिगन को वियर करें आप इसके साथ डेनिम जैकेट को भी स्टाइल कर सकती हैं। ये स्टाइलिश लगती हैं साथ ही इन्हें पहनने के बाद ठंड भी कम लगती है। बस आपको अपनी पसंद के हिसाब से डेनिम जैकेट खरीदनी है और उसे वियर करना है। आप चाहे तो चुन्नी की तरीके से पल्ले को स्टाइल करके इसे वियर कर सकती हैं वरना पीछे पल्ले के साथ भी इसे स्टाइल कर सकती हैं।



### ड्रेस के साथ स्टाइल करें डेनिम जैकेट

अगर आप किसी पार्टी या फिर कहीं जानें के लिए ड्रेस पहन रहीं हैं और ऊपर कुछ वियर करना चाहती हैं तो डेनिम जैकेट (स्टाइलिंग टिप्स) को स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए भी इसे वियर किया जा सकता है। इसके लिए आप डबल शेड वाली डेनिम जैकेट या फिर पैच वर्क वाली जैकेट ले सकती हैं इससे लुक और भी ज्यादा स्टाइलिश लगता है। मार्केट में आपको ये 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

### जंपसूट के साथ स्टाइल करें जैकेट

अलग-अलग डिजाइन के जंपसूट आपको मिल जाते हैं जिन्हें आप किसी भी पार्टी या फिर डेली वियर में स्टाइल कर सकतीं है।

## मिनटों में साफ करें पैरों का कालापन, जानिए तरीका



पैरों के कालेपन का असर हमारी पर्सनेलिटी पर पड़ता है इसलिए इसे रिमूव करना जरूरी है। अक्सर बदलते मौसम और तेज धूप की वजह से पैरों में टैनिंग होने लगती है, जिसकी वजह से पैर अजीब से नजर आते हैं। इन्हें दूर करने के लिए जरूरी है कि आप सही तरीके से इनका ख्याल रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि तभी आप कालेपन को दूर कर पाएंगी और पैरों की रंगत बरकरार रख पाएगी। इसके लिए आपको एक्सपर्ट के बताए गए तरीके को जरूर ट्राई करना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले एक कटोरी में चीनी लें। अब इसमें कॉफी मिक्स करें। इसके बाद इसमें इनो डालें। नींबू के रस को एड करें और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करें। अब इसे पैरों पर अप्लाई करें। फिर हल्के हाथों से रब करें। इससे आपको 15-20 मिनट (मेकअप टिप्स) तक करते रहना है। इसके बाद थोड़ी देर इसे पैरों में लगा रहने दें। फिर पानी से पैरों को साफ कर लें। इस तरीके से आपके पैर साफ नजर आने लगेंगे। आप इस तरीके के हफ्ते में 1 बार जरूर ट्राई कर सकती हैं। कॉफी के इस्तेमाल से आपके पैरों की डेड स्किन साफ हो जाएगी। जिससे उनका (जंवा दिखने के लिए ब्यूटी टिप्स) रंग साफ नजर आएगा। नींबू भी टैनिंग को दूर करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

## चाहिए 'ग्रूम्ड मेन' का टाइटल तो इन बातों को लाइफस्टाइल में कीजिए शामिल

'ग्रूम्ड मेन' कौन नहीं कहलाना चाहेगा? आप भी ऐसा चाहते ही होंगे। पर इसके लिए आपने किया क्या है? अच्छे से तैयार हो जाते हैं? बस...अगर हां तो कुछ बातें ऐसी हैं जिनके बिना आप 'ग्रूम्ड मेन' वाले रास्ते पर बिल्कुल नहीं चल रहे हैं। ज्यादातर पुरुष जब समय मिलता है या फिर जब बालों से दिक्कत होने लगे तब ही बाल कटाने जाते हैं। लेकिन बालों के बढ़ते ही फिर वही रूटीन कि 'ज्यादा बढ़ेंगे तब कटा लेंगे।'ये आदत गलत है। हर पुरुष के ग्रूम्ड लुक के लिए सही समय पर हेयर कट जरूरी है। और ये नियम फिक्स होना चाहिए। आपको फिक्स अपॉइंटमेंट पर हर कुछ दिन में हेयर कट करा ही लेना चाहिए।

### आपकी वाली खुशबू

आप पूरी तरह से तैयार हैं और आपसे एक खास तरह की खुशबू भी आ रही है तो आप ग्रूम्ड मेन वाले खांचे में आसानी से फिट बैठ पाएंगे। इसके लिए आपको अपनी एक खास खुशबू चुननी होगी। आप एक या दो क्लासिक खुशबू चुन सकते हैं। आमतौर पर वुडी, स्पाइसी और हर्बी ब्लेंड जाड़े में अच्छे से काम करता है।



### दांतों का रखिए ध्यान

जैसे आपकी आंखें, आपके दिल का हाल कह देती हैं, ठीक वैसे ही आपके दांत भी आपके कैरेक्टर को बयां कर देते हैं। अपनी ग्रूमिंग करने हुए दांत की सफाई में आप कितना समय देते हैं? ज्यादातर लोग कहेंगे कि रूटीन वाली सफाई करते ही हैं। लेकिन दांत अच्छे से साफ करने के लिए आपको इनका ज्यादा ध्यान रखना होगा। रिसर्च कहती हैं इलेक्ट्रिक ब्रश 11 प्रतिशत ज्यादा सफाई करते हैं। आप इनका इस्तेमाल करें और माउथ वॉश भी जरूर करें।

### कार्नर न्यूज

### मेकअप आर्टिस्ट का ऑप्शन चुनना बेहतर करियर की गारंटी

## मेकअप आर्टिस्ट करियर चुनने से पहले कर लें अच्छी तरह पड़ताल, आखिर मामला है आपके भविष्य का

आज के समय में कई मेकअप आर्टिस्ट ने अपनी अलग पहचान बनाई है। अगर आप भी उन्हीं की तरह मेकअप आर्टिस्ट बनने का मन बना रही हैं तो पहले आपको कुछ बातों के बारे में जान लेना चाहिए। मेकअप करना हर लड़की को अच्छा लगता है। लेकिन ऐसे भी कई लोग होते हैं, जिन्हें सिर्फ मेकअप करना ही अच्छा नहीं लगता है, बल्कि वे इसमें अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। यकीनन यह एक बेहद ही आकर्षक करियर है, जिसमें आप अपनी क्रिएटिविटी को एक नए अंदाज में पेश कर सकते हैं। लोगों की खूबसूरती को निखारने का काम यकीनन आपको बेहद ही उत्साहित करता है।

अमूमन लोग इस प्रोफेशन को बेहद ही आसान समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। एक मेकअप आर्टिस्ट को भी कई तरह के चैलेंजेस का सामना करना पड़ता है। एक अच्छा मेकअप आर्टिस्ट बनने के लिए भी बहुत अधिक मेहनत, लग्न व क्रिएटिविटी की जरूरत होती है। इस फील्ड से जुड़ी



ऐसी कई बातें होती हैं, जिसके बारे में अधिकतर लोगों को पता ही नहीं होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी ही बातों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको मेकअप आर्टिस्ट बनने से पहले जरूर जानना चाहिए-

### करनी पड़ती है रिसर्चिंग

एक मेकअप आर्टिस्ट का काम सिर्फ मेकअप करना ही नहीं होता है, बल्कि उसे कई अलग-अलग कंपनियों के प्रोडक्ट्स पर रिसर्च करनी पड़ती है। गलत तरह के प्रोडक्ट्स आपके करियर को बर्बाद कर देंगे। चूंकि, आपका क्लाइंट मेकअप के लिए अच्छा पैसा दे रहा है, इसलिए सुनिश्चित करें कि आप अच्छी क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें। मेकअप की क्वालिटी की पहचान के लिए आपको अलग-अलग ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स को ट्राई करना होता है। इतना ही नहीं, आप प्रोफेशनल्स की मदद से भी यह समझ पाएंगे कि आपको किन प्रोडक्ट्स में इनवेस्ट करना है।

छुट्टियों का दिन तय नहीं

अमूमन लोग सोचते हैं कि मेकअप आर्टिस्ट बनना एक बेहद आराम का काम है। जबकि ऐसा नहीं है। कई बार यह बहुत अधिक थकाऊ हो सकता है। खासतौर से, अगर आप बतौर फ्रीलांसर मेकअप आर्टिस्ट काम कर रहे हैं तो आपको अपने क्लाइंट के समय व जगह के अनुसार अपनी सर्विसेज देनी पड़ती हैं। यहां तक कि इसके लिए आपको कई बार बहुत अधिक ट्रैवल भी करना पड़ता है। आपकी छुट्टी का कोई दिन तय नहीं होता है। इस तरह के चैलेंजेस मेकअप आर्टिस्ट करियर में बेहद आम हैं।

